तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 21 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-053 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली बसवा राजू मारा गया

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में वांछित माओवादी कमांडर नम्बाला केशव राव उर्फ बसवा राजू को ढेर कर दिया गया है। बसवा राजू माओवादियों की कंपनी नंबर 07 से जुड़ा था और उसे सीसीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) तथा पीबीएम (पोलित ब्यूरो मेंबर) जैसे उच्च पदों के माओवादियों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था।

कोरोना से महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत

मुंबई,21 मई। कोरोना वायरस ने नए वेरिंट JN.1 ने एक बार फिर यू-टर्न लेकर लोगों को डराना शुरू कर दिया है। कई देशों में संक्रमितों की संख्या में तेज़ इज़ाफा हुआ है। थाईलैंड और सिंगापुर में हालात बेकाबू हो गए हैं। वहीं भारत में कोरोना के नए मामलों को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। भारत में भी कोरोना जानलेवा हो गया है। महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमित दो लोगों की मौत हो गई है। मुंबई में कोविड संक्रमित दो मरीजों की मौत की भी खबर है। हालांकि, दोनों ही मरीजों की स्थिति पहले से गंभीर थी। एक मरीज को मुंह का कैंसर था। जबकि दूसरे को नेफ्रोटिक सिंड्रोम था। ये मरीज मुंबई के केईएम अस्पताल में भर्ती थे।

पहाड़ पर मिला 13 दिन से लापता युवक का नरकंकाल

सरगुजा,21 मई। छत्तीसगढ़ के सरगुजा स्थित रीरी पहाड़ पर नर कंकाल मिलने से आसपास के गांव में सनसनी फैल गई है. सुबह घूमने गए ग्रामीणों ने नर कंकाल दिखने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद लुण्ड्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नर कंकाल की शिनाख्त कोइलारी गांव के निवासी महेश कुजूर के रूप में हुई है. मृतक महेश बीते 13 दिनों से घर से लापता था. परिजनों का कहना है कि वह घर से बिना कुछ बताए अचानक निकला और फिर घर नहीं लौटा. वहीं आज अचानक पहाड़ी पर उसके नर कंकाल मिलने से उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है.

अमरकोट धान घोटाला में तीन निलंबित

रायपुर,21 मई। महासमुंद जिले के अमरकोट स्थित धान उपार्जन केंद्र में बड़े पैमाने पर अनियमितता का खुलासा हुआ है। कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर गठित जांच दल की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि केंद्र में 11,416 बोरियों के बराबर 5348.68 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 65 लाख 80 हजार रुपये है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इस गड़बड़ी के लिए केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल और कंप्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र पटेल संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर द्वारा धान खरीदी नीति 2024-25 की कंडिका 15.9 और त्रिपक्षीय अनुबंध की कंडिका 12.8 एवं 12.11 के तहत सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।कलेक्टर ने कहा है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करते हैं.

अबूझमाड़ में मुठभेड़, 27 से अधिक नक्सली ढेर

सभी के शव बरामद,भारी मात्रा में मिले हथियार, एक जवान शहीद,एक घायल

नारायणपुर,21 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। ताजा जानकारी के अनुसार नक्सलियों के सुरक्षित गढ़ अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षाबल के जवानों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले के बॉर्डर पर मुठभेड़ चल रही है। मारे गए नक्सलियों में बड़े कैडर के माओवादियों के शामिल होने की चर्चा है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सलियों के माड़ डिवीजन के बड़े कैडर के जमावड़े की सूचना मिली थी। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव का अबूझमाड़ में ऑपरेशन सुबह से जारी है। दोनों तरफ से रुक-रूककर फायरिंग हो रही है। कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर आई है। अभी ऑपरेशन और सर्चिंग जारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक डीआरजी जवानों की नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी है। अबुझमाड़ में जवानों द्वारा नक्सलियों के बड़े कैडर के लीडर को घेर लिया गया है। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव जिले की संयुक्त टीम ऑपरेशन में शामिल है। मुठभेड़ में 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। रायपुर और बस्तर के पुलिस अफसर पूरे मामले पर नजर बनाए गए हैं। बता दें कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय किया गया है। लाल आतंक पर लगाम कसने फोर्स का मूवमेंट लगातार जारी है।

रायपुर और बस्तर के अफसर ले रहे जानकारी-पुलिस सूत्रों के मुताबिक डीआरजी जवानों ने नक्सलियों के बड़े कैडर को घेर लिया है। अबुझमाड़ और ओरछा के जंगलों में नक्सलियों के जमावड़े के सूचना मिली थी। इसके बाद नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव जिले की संयुक्त टीम द्वारा ऑपरेशन शुरू किया गया है। पिछले दो दिनों से यह सर्चिंग ऑपरेशन चल रहा था। इसी बीच जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में 26 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। अभी सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। रायपुर और बस्तर के पुलिस अफसर पूरे मामले पर नजर बनाए गए हैं।

अब सरेंडर की अपील की आवश्यकता नहीं : साय

रायपुर,21 मई। अबूझमाड़ में चल रहें नक्सल ऑपरेशन को लेकर आ रही बड़ी खबर के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हम शुरू ही नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील कर रहे हैं. अब इसमें और अपील की आवश्यकता नहीं है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सल ऑपरेशन को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा बीते 3 दिनों से नक्सल ऑपरेशन चल रहा है. जवानों के साहस को नमन करते हैं. ऑपरेशन ऑपरेशन खत्म होने पर (नक्सलियों की मौत) एडजेक्ट आंकड़े आएंगे.

बड़े कैडर के नक्सलियों को घेरा: गृहमंत्री

नक्सल ऑपरेशन पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव जिले की सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को मिले इनपुट के आधार पर ऑपरेशन लॉंच किया गया है। अब तक 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है, मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में एक जवान घायल हुआ है और एक पुलिस सहयोगी भी शहीद हुआ है। नक्सलवाद को खत्म करने में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग ऑपरेशन अभी जारी है।

मार्च 2026 तक बस्तर सहित पूरा देश होगा नक्सलमुक्त : अरुण साव

रायपुर,21 मई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि,छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का अभियान तेज गति से चल रहा है। हमारे सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों के खिलाफ ठोस और मजबूत कार्रवाई कर रही है। हमारे सुरक्षा बल के जवान नक्सल उन्मूलन के लिए मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं, ताकि मार्च 2026 तक बस्तर सहित पूरा देश नक्सल मुक्त हो जाए।

मकान में लगी आग

बलौदाबाजार,21 मई। शहर के गौरव पथ स्थित एक घर में तड़के भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग तेजी से फैलते हुए पूरे घर को चपेट में ले लिया, जिससे काफी नुकसान हुआ है. मौके पर दो फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया. हादसे में करोड़ों रुपए की नुकसान की आशंका है. जानकारी के मुताबिक, डा के एस बाजपेयी के निवास पर आज सुबह अचानक आग लग गई. घर में रखा सामान जलकर राख हो गया. घटना में राहत की बात रही कि डाक्टर बाजपेयी के तत्काल उठ जाने से जनहानि नहीं हुई. उन्होंने अपने परिवार को सबसे पहले सुरक्षित बाहर निकाला और फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी. हालांकि जबतक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक काफी सामान जलकर राख हो गया था. घटना में लगभग करोड़ों रूपये की हानि होने की संभावना है. वहीं शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है. नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि स्थिति गंभीर है जल्द ही फायर ब्रिगेड का स्थान जिला मुख्यालय में हो इसको लेकर कलेक्टर सहित मंत्री जी से चर्चा कर बलौदाबाजार में फायर ब्रिगेड का स्थान सुनिश्चित करने कहेंगे.डा के एस बाजपेयी ने बताया कि घटना सुबह लगभग 4.30 बजे की है.

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ध्यान भटकाने की कोशिश है: जयराम

नई दिल्ली,21 मई। कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर पर भारत सरकार के वैश्विक अभियान को एक पीआर अभ्यास करार दिया, जो ध्यान भटकाने का प्रयास था, जबकि पार्टी आतंकवादी हमलों, चीन और पाकिस्तान के बारे में वास्तविक मुद्दों को उठा रही थी। संसद सदस्य - वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और पूर्व राजदूतों के साथ - ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को पेश करने के लिए बुधवार से कई देशों का दौरा शुरू करेंगे। पाकिस्तान आधारित आतंकवाद और सिंधु जल संधि पर भारत के दृष्टिकोण को पेश करने के लिए इस अभूतपूर्व कूटनीतिक अभ्यास के लिए कुल 32 देशों को चुना गया है, जिसमें 59 राजनेता शामिल हैं।

पहलगाम हमले के बाद की स्थिति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग को दोहराते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर विपक्ष की मांगों को लगातार नजरअंदाज करने तथा ध्यान भटकाने के लिए जाति जनगणना और बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जैसे फैसलों का सहारा लेने का आरोप लगाया। रमेश ने कहा कि 22 अप्रैल से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सर्वदलीय बैठक की मांग कर रहे हैं। दो बैठकें हुईं,

लेकिन पीएम मौजूद नहीं थे। बाद में, विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी और (मल्लिकार्जुन) खड़गे जी ने पीएम को पत्र लिखकर इस (पहलगाम हमले) से उत्पन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए कहा। हमने चीन के मुद्दे पर भी चर्चा नहीं की। इस बीच, ध्यान भटकाने के लिए, उन्होंने (केंद्र ने) जाति जनगणना की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि जब हमने सर्वदलीय बैठक और संसद के विशेष सत्र की मांग जारी रखी, तो उन्होंने (केंद्र सरकार) विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से मिलकर प्रतिनिधिमंडल गठित करने की घोषणा की। मुझे लगता है कि यह ध्यान भटकाने का एक और प्रयास है। यह जनसंपर्क की कवायद है। उन्होंने केंद्र पर पहलगाम हमले के नतीजों पर चर्चा के लिए संसद के विशेष सत्र की विपक्ष की मांग को टालने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद और आतंकवादी हमलों, चीन, पाकिस्तान के बारे में वास्तविक मुद्दे उठा रहे हैं...आप संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुला रहे हैं? कांग्रेस की यह टिप्पणी पहलगाम हमले और उसके परिणामस्वरूप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरने के प्रयासों के बीच आई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद नौ स्थानों पर आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के बारे में "पाकिस्तान को पहले से सूचित" करके भारत के हितों से समझौता किया है। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ ने धर दबोचा

नई दिल्ली,21 मई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई है, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि भारत की यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने एक व्यक्ति की हरकत देखी, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाने लगा था। प्रवक्ता ने बताया, तत्परता से जवाब देते हुए जवानों ने उसे रुकने के लिए ललकारा और बाद में उसे पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को अमृतसर के करीमपुरा गांव से सटे सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया। बाद में उसे आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। इस महीने की शुरुआत में बीएसएफ ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। अधिकारियों के अनुसार, 7-8 मई की रात को फिरोजपुर सेक्टर में उस व्यक्ति को गोली मारी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि वह अंधेरे में जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करता हुआ पाया गया था।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया- राहुल ने अपराध से कमाये 142 करोड़ रुपये

नई दिल्ली,21 मई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने अपराध से 142 करोड़ रुपये की कमाई की है। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संघीय एजेंसी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे। जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी ने आगे दावा किया कि गांधी परिवार ने न केवल अपराध से प्राप्त धन को अर्जित करके धन शोधन किया, बल्कि उस धन को अपने पास भी रखा। अंग्रेजी अखबार, स्थापना 1938 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की। स्वामित्व एजेएल के पास था। जो नवजीवन (हिंदी), कौमी आवाज' (उर्दू) निकालता था। एजेएल पर साल 2008 तक 90 करोड़ रुपए का कर्ज हो गया। इसका प्रकाशन बंद हो गया। कांग्रेस ने 2002 से 2011 के बीच एजेएल को 90 करोड़ रुपए की राशि ऋण के रूप में दी थी। 2010 में यंग इंडियन लिमिटेड (वाईआईएल) नाम से गैर-व्यावसायिक कंपनी बनी, जिसकी 76% हिस्सेदारी सोनिया व राहुल के पास थी। शेष 24% मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, दुबे व पित्रोदा के पास थी।

महिला अधिकारी को स्थायी कमीशन नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नेवी को लगाई फटकार

नई दिल्ली,21 मई। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब और सहन नहीं किया जाएगा और नौसेना को 2007 बैच की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' अधिकारी को स्थायी कमीशन न देने के लिए कड़ी फटकार लगाई. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने अहंकार को त्यागें और सीमा चौधरी जो 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी) शाखा की अधिकारी हैं, के मामले पर एक सप्ताह के भीतर विचार करें तथा उन्हें स्थायी कमीशन प्रदान करें.

वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बालासुब्रमण्यम ने नेवी की ओर से यह तर्क प्रस्तुत किया कि सीमा चौधरी की तीन वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में नकारात्मक टिप्पणियाँ थीं, जिन्हें स्थायी कमीशन के लिए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि इन टिप्पणियों को समीक्षा अधिकारी और

अंतिम प्राधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया था, और सीमा को 7.6 अंक दिए गए थे. कोर्ट ने यह सवाल उठाया कि जब सभी मानक पूरे किए गए हैं, तो स्थायी कमीशन से क्यों वंचित किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने नेवी के रवैये को अहंकारी बताते हुए कहा कि यह लैंगिक समानता के सिद्धांतों और कोर्ट के पूर्व आदेशों का उल्लंघन है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 26 फरवरी 2024 को पारित उसका निर्णय अंतिम है, और नौसेना को इसे लागू करना होगा. न्यायालय ने नौसेना अधिकारियों और केंद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बालासुब्रमण्यम से कहा कि अब और सहन नहीं किया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कार्यशैली में सुधार करें और स्थायी कमीशन देने के लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया. न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि क्या संबंधित अधिकारी न्यायालय के आदेशों की अनदेखी कर सकते हैं, और यह सवाल उठाया कि वे किस प्रकार के अनुशासित सशस्त्र बल हैं.

पाकिस्तान में आत्मघाती कार बम फटा, तीन बच्चों समेत पांच की मौत

करांची,21 मई। दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में एक आत्मघाती कार बम हमलावर ने एक स्कूल बस पर हमला किया, जिसमें तीन बच्चों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। स्थानीय डिप्टी कमिश्नर यासिर इकबाल ने बताया कि यह हमला बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में उस समय हुआ जब बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें डर है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुरक्षा बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को सील कर दिया, जबकि एंबुलेंस ने घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। स्थानीय समाचार चैनलों ने घटनास्थल पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त बस और बिखरे मलबे को दिखाते हुए दृश्य प्रसारित किए। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी तुरंत नहीं ली, लेकिन संदेह जातीय बलूच अलगाववादी समूहों पर होने की संभावना है, जिनका इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नागरिकों दोनों को निशाना बनाने का इतिहास रहा है।

टीएमसी नेता ने कराई थी मुर्शिदाबाद हिंसा

कलकत्ता हाईकोर्ट कमेटी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

कोलकाता,21 मई। पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी के टीएमसी नेता ने मुर्शिदाबाद हिंसा हिंसा कराई थी। ये खुलासा कलकत्ता हाईकोर्ट कमेटी की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा के दौरान प्लान के तहत हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया था। अप्रैल 2025 में मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया था। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा के दौरान प्लान के तहत हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में हिंसा के दौरान पुलिस के लिए गए एक्शन और कार्यशैली पर भी सवाल उठाया है। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची।

दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी. वी. आनंद बोस ने 4 मई को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया था।

वक्फ एक्ट संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली,21 मई। वक्फ एक्ट संशोधन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार दूसरे दिन (बुधवार) सुनवाई जारी है। दूसरे दिन केंद्र सरकार ने वक्फ कानून पर अपना पक्ष रखा है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कानून का पक्ष मजबूती से रखा है। एसजी तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ एक्ट में संशोधन के लिए हमने 97 लाख लोगों से राय ली है। याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय को रिप्रेजेंट नहीं करते हैं। 1923 से 1995 के वक्फ कानून तक व्यवस्था थी कि सिर्फ मुस्लिम ही वक्फ कर सकता था। 2013 में चुनाव से पहले कानून बना दिया गया कि कोई भी वक्फ कर सकता है। एसजी ने बताया कि 25 वक्फ बोर्डों से राय ली गई, जिनमें से कई ने खुद आकर अपनी बातें रखीं। इसके अलावा राज्य सरकारों से भी सलाह-मशविरा किया गया. तुषार मेहता ने बताया कि "संशोधन के हर क्लॉज पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कुछ सुझावों को स्वीकार किया गया, जबकि कुछ को नहीं माना गया।

एक नजर

बांग्लादेशी को छिपाकर रखा,गिरफ्तार

भिलाई, 21 मई। भिलाई सुपेला थाना के प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिया शहीदा खातुन उर्फ ज्योति रासेल एवं मोहम्मद रासेल शेख दम्पति को छिपाकर रखने में सहयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध घुसपैठियों को अपराधिक षड़यंत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में सहयोग किया था। इतना ही नहीं किराए से मकान दिलाकर प्रतिमाह किराए की रकम वसूल भी करता था भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 16 मई को सुपेला क्षेत्रान्तर्गत अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के लिए जिले में गठित स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अवैध रूप से अपनी पहचान छिपाकर अपना नाम बदलकर रह रही शहीदा खातुन उर्फ ज्योति रासेल एवं मोहम्मद रासेल शेख के विरूद्ध थाना सुपेला में धारा 318(4), 319(2), 336 (3), 3 (5) बीएनएस, 14-ए विदेश नागरिक विषयक अधिनियम 1946 की धारा 3, एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर जेल भेजा था प्रकरण की विवेचना के दौरान जांच में पाया कि हरेराम प्रसाद (45 साल) निवासी काण्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला ने दोनों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचान बदलकर रहने के लिए किराए का मकान दिलवाया था और इनसे प्रतिमाह किराए के रूप में निश्चित रकम भी वसूल करता था इनके फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में अपराधिक षड़यंत्र में शामिल था आरोपी हरेराम के विरूद्ध अपराध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर गिरफ्तार कर लिया है ।

छत्तीसगढ़ में धूम मचा रहा है अमन मेघा बंजारे का पहला गाना

पाटन,21 मई। ग्राम टेमरी में रहने वाले अमन मेघा बंजारे का पहला गाना छत्तीसगढ़ में धूम मचा रहा है। सोशल मीडिया पर यह सॉन्ग तेजी वायरल हो रहा है। बता दें कि इनके सोशल मीडिया में लाखो में फॉलोअर्स है। इनके द्वारा यूट्यूब पर गरीब हव एल्बम सॉन्ग रिलीज किया है। छालीवुड में नए-नए कलाकार ऊपर कर सामने आते रहते हैं गरीब हव सॉन्ग अमन मेघा बंजारे के द्वारा राजश्री म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर इसे प्रकाशित किया है। अमन बंजारे ने बताया कि लगातार यूट्यूब पर हम लोग अपना ब्लॉग कटेंट बना रहे हैं और लोग हमसे जुड़ रहे हैं इसके साथ-साथ लगातार हम अन्य यूट्यूब पर जो ब्लॉक बनाते हैं उनसे सेमिनार व व्यक्तिगत रूप से मुलाकात होता है जिनका कहना है की एक बार एल्बम सॉन्ग पर कदम रखना चाहिए जिससे हमें भी लगा कि इसमें काम किया जाना चाहिए।

सेल के वन डे चेयरमैन प्रतियोगिता में अपने बहुमूल्य आइडिया करें साझा

भिलाई, 21 मई। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने सेल-कर्मचारियों के लिए एक अभिनव और प्रेरणादायक पहल वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया है। यह प्रतियोगिता सेल-कर्मचारियों को यह अवसर प्रदान करती है कि वे एक दिन के लिए अध्यक्ष की भूमिका में सोचें और ऐसा एक विचार प्रस्तुत करें जो संगठन में सार्थक परिवर्तन ला सके। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सेल के सभी कर्मचारी पात्र हैं, चाहे वे किसी भी संयंत्र, इकाई या विभाग से संबंधित हों। वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को नेतृत्व के दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करना व सेल की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को अधिकतम 500 शब्दों में अपना विचार लिखकर इंट्रानेट पोर्टल या ईमेल पते पर भेजना होगा।

बाइपास चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य का उपमुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,21 मई। शहरवासियों के लंबे समय से चली आ रही मांग आज मूर्त रूप मिला, जब छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कवर्धा बाइपास के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। यह बहुप्रतीक्षित विकास कार्य 4 करोड़ 3 लाख 44 हज़ार रुपए की लागत से संपन्न होगा, जिसमें 1.30 किलोमीटर लंबे बाइपास की सड़क को मजबूत किया जाएगा तथा उसे चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाया जाएगा।सड़क के निर्माण से न सिर्फ यातायात व्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि शहर की सुंदरता और संरचना को भी नया स्वरूप मिलेगा।

बहुप्रतीक्षित कवर्धा बाइपास चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनहित को प्राथमिकता देने के स्पष्ट निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि भूमिपूजन के तुरंत बाद ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा । हमारी सरकार की मंशा है कि जनता को विकास कार्यों का लाभ शीघ्र मिले। यही वजह है कि शॉपिंग मॉल जैसी परियोजनाओं में भी भूमिपूजन के साथ-साथ तत्काल कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी होती है, जिससे कार्य में विलंब होता है। इसे लेकर सरकार गंभीर है और प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य करेगी । उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में विकास कार्यों में तेज़ी आएगी। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, पूर्व अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, मनिराम साहू, श्री नीतेश अग्रवाल, जसविंदर बग्गा, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, बीरसिंग पटेल सहित समस्त पाषर्दगण, जनप्रतिनिधिगण, मोहल्लेवासी उपस्थित थे।कवर्धा बाइपास के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर लोकसभा सांसद श्री संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें सिर्फ रास्ते नहीं बनातीं, बल्कि क्षेत्र में विकास और संभावनाओं के नए द्वार भी खोलती हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ सड़कें बनती हैं, वहाँ-वहाँ रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है। एक अच्छी सड़क स्थानीय नागरिकों के जीवन को आसान बनाती है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी गति देती है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कवर्धा सहित पूरे क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री का लक्ष्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देना है। सरकार की सोच स्पष्ट है कि विकास को गाँव, कस्बे और शहर तक ले जाना और हर नागरिक को इसका लाभ पहुंचाना। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे इन विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दें ताकि कार्य शीघ्र और सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके।

बरसात में न हो नागरिकों को परेशानी

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित ठेकेदारों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। कार्य को इस प्रकार संचालित किया जाए कि वर्षा ऋतु में भी यातायात और जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। आप सभी के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा होगा।

नागरिकों ने जताया उत्साह

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने इस विकास कार्य का स्वागत किया और कहा कि इससे कवर्धा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

सुशासन तिहार से सुखबती के सपनों को मिली उड़ान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,21 मई। सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का सभी विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग ने अपनी तत्परता दिखाते हुए बोड़ला विकासखंड के ग्राम कांपा निवासी श्रीमती सुखबती साहू का आवेदन स्वीकार किया और उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। इसके परिणामस्वरूप, अब सुखबती साहू अपनी सामान्य जीवन की गतिविधियों में और भी बेहतर तरीके से भाग ले सकेंगे और उनकी सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही निःशुल्क सामग्री वितरण से दिव्यांग सुखबती के जीवन में न केवल बदलाव लाया बल्कि उसे अपनी क्षमता का एहसास भी कराया।कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। हितग्राहियों के अनेक समस्या और मांगों के अनुरूप उन्हें लाभन्वित किए जा रहे है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत श्रीमती सुखबती साहू ने श्रवण यंत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समाज कल्याण विभाग ने सुखबती को श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें सहायता प्रदान की है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। दिव्यांग का कहना है कि मुझे पहले कई बार यह एहसास होता था कि मुझे सुनने में समस्या है, लेकिन अब यह श्रवण यंत्र मिल जाने से मुझे बहुत राहत मिली है।

43 डिग्री में भी पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में जारी है जनसम्पर्क दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,21 मई। छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है, तापमान 43 डिग्री के पार है। लेकिन पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जनसेवा में लगे हुए हैं। अपनी सादगी और सरलता के लिए पहचाने जाने वाले दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भीषण गर्मी में भी अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहलई, कोटनी, बेलोदी, मालुद, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्शीडीह, खुरशुल एवं गनियारी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं.

साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम करें।इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग अलग समस्यायें जैसे पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, पुलिस थाना में कार्यवाही नहीं होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, पानी टंकी जर्ज़र, किसानों को खाद नहीं मिलना,महिला समूहों को काम नहीं मिलना,अवैध शारब गांव गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन,पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर,जनपद सदस्य मिलनतीन ठाकुर,भारत निषाद, कृष्णा देवांगन, सरपंच कोटनी राम सिँह निषाद, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकररोहित साहू,गैलेन्द्र साहू, भगवानी,पारकर,ताम्रध्वज सिन्हा, रविंद्र सिन्हा,रोहित साहू, कैलाश सिन्हा, मिथलेश,सरपंच दमोदा गायत्री साहू, दुष्यन्त देशमुख, बोरई पंच इंद्राणी यादव, संगीता ठाकुर,नम्मू सिन्हा,गोपाल साहू, खुर्सीडीह सरपंच गायत्री साहू,गणपत जांगड़े, धनुष साहू,उपसरपंच मिथलेश देशमुख, रोहित साहू सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया

पाटन,21 मई। नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार 2025 संवाद से समाधान के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर पंचायत पाटन, अखरा, अटारी और खोरपा के नागरिक पहुंचकर अपनी समस्या को रखा और जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने मिलाकर समस्या का त्वरित समाधान किया। नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में निवर्तमान जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर शिविर में पहुंचे नागरिकों एवं अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी लिया। जितेन्द्र वर्मा निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जनता की समस्याओं को सभी विभागीय अधिकारी विभागवार सुनकर त्वरित निराकरण कर रहे हैं। शिविरों में हितग्राहियों व लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण भी प्रदान की जा रही हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार के कार्य प्रणाली से जनता उत्साहित हैं। योगेश निक्की भाले नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत पाटन की ओर से आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ मिलकर हमने सभी के समस्या का त्वरित समाधान किया हैं। जनता की समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। जनता की सेवा करने के लिए मैं दिन रात समर्पित हूँ। केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं की जानकारी व हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का कार्य भी हमारे द्वारा किया जा रहा हैं। इस अवसर पर सभापति केवल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,जितेन्द्र निर्मलकर,पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद संगीता धुरंधर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल,केशव बंछोर,दामोदर चक्रधारी,योगेश सोनी,कीर्तन देवांगन,सागर सोनी,आदित्य सावर्णी,वेदप्रकाश वर्मा,विक्की बंछोर,भाजपा पदाधिकारी,पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत वर्मा,अधिकारी-कर्मचारी, कार्यकर्ता साथी सहित गणमान्यजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पादों पर 35 प्रतिशत की विशेष छूट

भिलाई, 21 मई। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक विशेष रियायत योजना की घोषणा की है।

जिसके तहत वे सेल की सेलम स्टील प्लांट (एसएसपी) द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पादों पर 35 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल सेल के कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन एवं सेलम स्टील प्लांट द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई है।

पीएम मोदी 22 को करेंगे पुनर्विकसित भिलाई रेलवे स्टेशन का लोकार्पण

भिलाई, 21 मई। भारतीय रेलवे की दूरदृष्टि पूर्ण पहल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के विभिन्न जगहों पर स्थित रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है । इसी क्रम में 22 मई बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा । इस ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 05 प्रमुख स्टेशनों का भी लोकार्पण किया जाएगा, जिनमें भिलाई, डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, उरकुरा, अंबिकापुर स्टेशन शामिल है। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य स्टेशनों को पुनर्विकसित कर उन्हें यात्री सुविधाओं, संरचना, प्रौद्योगिकी और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में आधुनिक और भविष्योन्मुख बनाना है ।

अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान जारी, यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर दिखाई सख्ती

भिलाई, 21 मई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा भिलाई टाउनशिप में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लगातार दूसरे दिन 20 मई को भी विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सेक्टर-6, साईं बाबा मंदिर रोड, जेपी चौक सुपेला अंडर ब्रिज, चंद्रा-मौर्या टॉकीज अंडर ब्रिज तथा सेक्टर-1 फ्लाईओवर ब्रिज जैसे प्रमुख मार्गों पर अवैध रूप से सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे ठेला, खोमचा और गुमटी संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। विभाग ने इस दौरान एक दर्जन से अधिक अवैध कब्जे हटाए ।

हत्या का प्रयास,वाहन में तोड़फोड़ मामले में बदमाश गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर, 21 मई। भिलाई हत्या का प्रयास और वाहन में तोड़फोड़ करने वाले भिलाई नगर के गुंडा बदमाश प्रखर चंद्राकर को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है उसके खिलाफलोटस ऐप के माध्यम से आईडी के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाने एवं म्यूल अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी करने का मामला भी सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी आरोपी ऑनलाईन गेम के माध्यम से बैटिंगए ताशए लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन कर रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ऑनलाईन जुआ खेलता व खिलाता है। आरोपी के विरुद्ध थानों में मारपीटए लूटए हत्या का प्रयास सहित गंभीर मामले दर्ज हैं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 18 मई को प्रार्थी सौरभ वर्मा थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दरम्यानी रात आयुशए सिद्धार्थ एवं रोहित के साथ सिध्दार्थ का बर्थडे होने से पार्टी करने होटल अमित पार्क गये थे पार्टी करने के बाद जब घर जाने लगे तो अमित पार्क होटल के पीछे 3 लड़के मिले जो बिना कारण गाली.गलौज करते हुए अपने पास रखे बांस का डंडा निकालकर आयुष के सिर चेहरे में मारे जिससे गंभीर चोट आई है और जाते वक्त एक ने अपना नाम प्रखर चंद्राकर बताया और फरार हो गया। रिपोर्ट पर मामले में धारा 296.115 (2.)351 (2) 324 (2)109 1. 3.5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान हत्या का प्रयास कर फरार होने वाले आरोपी प्रखर चंद्राकर 25 वर्ष निवासी भिलाईनगर को घड़ी चौक सुपेला के पास से हिरासत में लिया गया आरोपी से पूछताछ कर उसके मोबाइल की जांच करने पर पता चला कि आरोपी

प्रखर चंद्राकर लोटस ऐप के माध्यम से आईडी का संचालन कर अपने अन्य बैटिंग, ताश, लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन गेम के माध्यम से बैटिंग, ताश, लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन कर रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ऑनलाइन जुआ खेलता व खिलाता है। उसके मोबाइल वाट्स अप को चेक करने पर अवैध रूप से खाते को किराये पर लेकर अवैध रूप से लेनदेन पेमेंट रिसीव कर ट्रांजिक्शन, म्यूल खाता कर्नाटका बैंक के खाता में ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट तथा अपने अन्य साथी पुलकीत के साथ आडियो विडियो रिकॉडिंग प्रखर चंद्राकर के मोबाइल में मिला हैए जिससे वह अवैध धन लाभ अर्जन कर करता है। लोटस एप्प के माध्यम से आई डी स्वजै 662 का इस्तेमाल कर अन्य साथी पुलकित चंद्राकर के साथ मिलकर अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर खाता खुलवाकर खाते को किराये में लेकर अवैध सटटे से प्राप्त रूपये का ट्रांसफर करता है 60 लाख रुपए लेनदेन का हिसाब मोबाइल में मिला आरोपी प्रखर विगत 4.5 दिनों में लगभग 60.000 00 रुपए रकम लेनदेन का हिसाब मोबाइल में रखा है। आरोपी द्वारा रूपये पैसे का लेनदेन म्यूल खाता के माध्यम से लिया जाता है ऑनलाइन सटटे की अवैध कमाई से दो मोबाइल एक पल्सर बाइक एवं एक थार कार को अपने दोस्त के नाम से खरीदा है एवं अपने बैंक खाते तथा परिजनों के खातों मे अवैध धन को जमा किया है। आरोपी प्रखर चंद्राकरए पुलकीत चंद्राकर ने षडयंत्र पूर्वक छल से म्यूल बैंक खाते को किराये में लेकर ऑनलाइन लोटस गेमिंग एप्प की अवैध लेनदेन की रकम प्राप्त कर धोखाधड़ी कर सटटा खेलना पाये जाने से थाना सुपेला में धारा 318;4 61.2 बीएनएस 07 छगाजुआ प्रतिप्अधिण् दर्ज कर किया है साथी पुलकित चंद्राकर के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टा खेलाभिलाई हत्या का प्रयास और वाहन में तोड़फोड़ करने वाले भिलाई नगर के गुंडा बदमाश प्रखर चंद्राकर को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है उसके खिलाफलोटस ऐप के माध्यम से आईडी के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाने एवं म्यूल अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी करने का मामला भी सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी आरोपी ऑनलाईन गेम के माध्यम से बैटिंगए ताशए लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन कर रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ऑनलाईन जुआ खेलता व खिलाता है। आरोपी के विरुद्ध थानों में मारपीटए लूटए हत्या का प्रयास सहित गंभीर मामले दर्ज हैं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 18 मई को प्रार्थी सौरभ वर्मा थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दरम्यानी रात आयुशए सिद्धार्थ एवं रोहित के साथ सिध्दार्थ का बर्थडे होने से पार्टी करने होटल अमित पार्क गये थे पार्टी करने के बाद जब घर जाने लगे तो अमित पार्क होटल के पीछे 3 लड़के मिले जो बिना कारण गाली.गलौज करते हुए अपने पास रखे बांस का डंडा निकालकर आयुष के सिर चेहरे में मारे जिससे गंभीर चोट आई है और जाते वक्त एक ने अपना नाम प्रखर चंद्राकर बताया और फरार हो गया। रिपोर्ट पर मामले में धारा 29692)15 (2) 351 (2)324 (2)109 1 3;5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान हत्या का प्रयास कर फरार होने वाले आरोपी प्रखर चंद्राकर 25 वर्षनिवासी भिलाईनगर को घड़ी चौक सुपेला के पास से हिरासत में लिया गया आरोपी से पूछताछ कर उसके मोबाइल की जांच करने पर पता चला कि आरोपी प्रखर चंद्राकर लोटस ऐप के माध्यम से आईडी का संचालन कर अपने अन्य बैटिंगए ताशए लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन गेम के माध्यम से बैटिंग, ताश, लूडो एवं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन कर रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ऑनलाइन जुआ खेलता व खिलाता है। उसके मोबाइल वाट्स अप को चेक करने पर अवैध रूप से खाते को किराये पर लेकर अवैध रूप से लेनदेन पेमेंट रिसीव कर ट्रांजिक्शनए म्यूल खाता कर्नाटका बैंक के खाता में ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट तथा अपने अन्य साथी पुलकीत के साथ आडियो विडियो रिकॉडिंग प्रखर चंद्राकर के मोबाइल में मिला हैए जिससे वह अवैध धन लाभ अर्जन कर करता है। लोटस एप्प के माध्यम से आई डी स्वजै 662 का इस्तेमाल कर अन्य साथी पुलकित चंद्राकर के साथ मिलकर अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर खाता खुलवाकर खाते को किराये में लेकर अवैध सटटे से प्राप्त रूपये का ट्रांसफर करता है 60 लाख रुपए लेनदेन का हिसाब मोबाइल में मिला आरोपी प्रखर विगत 4.5 दिनों में लगभग 60ए000 00 रुपए रकम लेनदेन का हिसाब मोबाइल में रखा है। आरोपी द्वारा रूपये पैसे का लेनदेन म्यूल खाता के माध्यम से लिया जाता है ऑनलाइन सटटे की अवैध कमाई से दो मोबाइल एक पल्सर बाइक एवं एक थार कार को अपने दोस्त के नाम से खरीदा है एवं अपने बैंक खाते तथा परिजनों के खातों मे अवैध धन को जमा किया है। आरोपी प्रखर चंद्राकरए पुलकीत चंद्राकर ने षडयंत्र पूर्वक छल से म्यूल बैंक खाते को किराये में लेकर ऑनलाइन लोटस गेमिंग एप्प की अवैध लेनदेन की रकम प्राप्त कर धोखाधड़ी कर सटटा खेलना पाये जाने से थाना सुपेला में धारा 318 ;4द्ध 61 ;2द्ध बीएनएस 07 छप्गण् जुआ प्रतिप्अधिण् दर्ज कर किया है साथी पुलकित चंद्राकर के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टा खेलाने का काम करता है प्रखर चंद्राकर षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी कर छल से अन्य व्यक्तियों के नाम से म्यूल खाता खुलवाकर खाते को किराये में लेकर अवैध सटटे से प्राप्त रूपये का ट्रांसफर करता है एवं ऑनलाईन बेटिंग लोटस ऐप के माध्यम से सट्टे का संचालन करता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल महिंद्रा थार आला जरबए एवं सट्टा में इस्तेमाल 2 मोबाइल जब्त किया है ।

महिला ने खुदकुशी की

भिलाई, 21 मई। भिलाई उतई थाना अंतर्गत एक महिला ने अपने घर में फांसी पर लटक कर जान दे दी मौके पर पहुंची उतई पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है उतई पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय संतोषी चक्रधारी पति रुप राम चक्रधारी अपने घर में अकेली थी इसी दौरान उसने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली कारण अज्ञात है पुलिस विवेचना कर रही है ।

निधन

श्रीमती संतोष गुप्ता

भिलाई, 21 मई। हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र निवासी श्रीमती संतोष गुप्ता (पत्नी स्व. अरुण देव गुप्ता) का 73 वर्ष की आयु में सोमवार 19 मई को निधन हो गया। वे अरविंद कुमार गुप्ता और संदीप गुप्ता एवं सुरुचि अग्रवाल की मां तथा सुनीता गुप्ता की सास थीं।

एक नजर

ओव्हर स्पीड वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव, 21 मई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन अति0 पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस निरी. नवरतन कश्यप एवं यातायात स्टॉफ द्वारा एम.व्ही.एक्ट. एवं इंटरसेप्टर वाहन से नेशनल हाईवे पर कार्यवाही किया गया। इस प्रकार कुल 1513 वाहन चालकों से 448500/- रूपये जुर्माना वसूला गया है। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की सभी मालवाहक चालकों से अपील है कि अपने निर्धारित समय में ही सामान लोडिंग-अनलोडिंग करें, ओव्हर स्पीड वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

एमीलि चार्ल्स अमेरिका की समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

राजनांदगाँव, 21 मई। समाज सेवी एवं समाज सेवक संघ के संस्थापक एवं अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक श्री संजीव सिंघल ने हुस्टन टैक्सास की एमीलि चार्ल्स को समाज सेवक संघ (सोशल सर्विस फोरम) का यू.एस.ए. (अमेरिका) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि उनकी नियुक्ति पर चीन की समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्वेन टुआजोन, भारत के समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु. स्वाति देवांगन, प्रियांशु सिंघल, यूपी (इंडिया) के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, नेमिन देशमुख, यामला साहू, उमा साहू, देवदास साहू, प्रमिला साहू, लक्ष्मी निषाद, सावन सोनी, लक्ष्मी साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, संगीता रावटे, आदि ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं।

इतिहास रचने वाली सशक्त नारी की पहचान थी अहिल्याबाई होल्कर : साहू

धमतरी, 21 मई। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती को पूरे देश में मनाई जा रही है इसी के अंतर्गत भारत्तीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा भारत की महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किए। प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक कल्याण, परोपकार, न्यायप्रियता, धार्मिक कार्य, प्रशासनिक सुधार, भारतीय सभ्यता और कला को आगे बढ़ाने मे अद्वितीय योगदान महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की रही, काशी से केदारनाथ, सोमनाथ से रामेश्वरम तक जहां भी धार्मिक स्थल है वहां पहुंचकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने हमारी सनातन धर्म को आगे बढ़ने का प्रयास किए। श्रीमती साहू ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आगे कहां की रानी अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की अमिट इतिहास रचने वाली सशक्त नारी की पहचान थी, जिन्होंने मातृत्व, नेतृत्व और धर्म का अद्भुत संतुलन साधकर भारतीय इतिहास को नई दिशा दिखाई, प्रजा के मध्य में जाकर समस्याओं का निराकरण करना एवं निर्भीक होकर निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता पूण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर में थी।

गुरसिया, नवापारा और पोंड़ी में समाधान शिविर का आयोजन

कोरबा 21 मई। सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अन्तर्गत 21 मई बुधवार को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम गुरसिया कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत गुरसिया, एतमानगर, लालपुर, लेपरा, पाथा मानिकपुर,सलिहाभाठा, रिंगनिया और सरभोंका हेतु गुरसिया में बाजार के पास समाधान शिविर आयोजित की जायेगी। इसी तरह विकासखंड कटघोरा के ग्राम नवापारा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत रलिया, नवापारा, भिलाईबाजार, मुढ़ाली, अखरापाली, कटसीरा, मौहाडीह, छिंदपुर, दर्री और गंगदेई हेतु माध्यमिक शाला प्रांगण नवागांव, विकासखंड पाली के ग्राम पोंड़ी कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी, केराझरिया, नानपुलाली, पुलालीकला, मुढ़ाली, ढुकुपथरा, बुड़बुड़ और नगोई हेतु हाईस्कूल ग्राउंड पोंड़ी में समाधान षिविर का आयोजन किया जायेगा।

हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहाः सीएम साय

- विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए टीम वर्क के साथ करें काम
- मुख्यमंत्री ने तीन जिलों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

रायपुर, 21 मई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आम लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं के तेजी से निराकरण करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कलेक्टरों को नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों का संचालन करने और इसके लिए दिन भी निर्धारित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का जायजा लेने के लिए अब तक 19 जिलों का औचक निरीक्षक और समाधान शिविर में शामिल हो चुके हैं। जनता से मिले फीडबैक से इस बात का गर्व है कि हमारी सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उन लोगों तक पहुंच रहा है, जिनके लिए सरकार ने योजनाएं बनाई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए टीम वर्क के साथ काम करना ही हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री आज दुर्ग जिले में आकस्मिक निरीक्षण, समाधान शिविर में शामिल होने के बाद दुर्ग जिला मुख्यालय में कवर्धा, बेमेतरा और दुर्ग जिले के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी और परिश्रम से अच्छा कार्य किया है। आप सभी ने संकल्प लेकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य किया है, यह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं और शिकायतों के समाधान का प्रतिशत बेहतर है, जिससे यह स्पष्ट है कि हम सुशासन और आम जनता की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में हमने अनेक अच्छे कार्य किए हैं, जिसका अच्छा फीडबैक जनता से मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी समस्त योजनाएं आमजनता को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। साय ने कहा कि जनहित में किए गए अच्छे कार्यों की हमेशा प्रशंसा होती है और जो अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें हम पुरस्कृत भी करेंगे। वहीं यदि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जहां कहीं भी पेयजल की समस्या हो, इसको दूर करने का पुख्ता प्रबंध किया जाए। उन्होंने बरसात की मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हेतु किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा कम पानी वाली फसलों जैसे दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने विशेष रूप से प्रयास हो। साय ने कहा कि राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए शिविरों का आयोजन आगे भी नियमित रूप से किया जाए।

तीन शिक्षकों को मिला पुणे में नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला, 21 मई। जिले के तीन शिक्षकों रवि प्रकाश यादव ,व्याख्याता जीव विज्ञान, पीएम मानपुर, अनिल कुमार साहू, व्याख्याता भौतिक, पीएम मोहला, सुशील कुमार चौरसिया व्याख्याता भौतिक पीएम अंबागढ़ चौकी ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्राप्त कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। पीएमस्टेट प्रोजेक्ट और समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ के द्वारा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के सहयोग से नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आईआईएसईआर पुणे के बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र में सम्पन्न हुआ।प्रथम दिवस राज्य के 133 शिक्षकों ने विज्ञान केन्द्र पिंपली चिंचवाड़ एवं उसके अंदर आईसर पुणे द्वारा स्थापित ÷कल्पगृह÷ का भ्रमण किया जहां प्लैनेटेरियम शो ,3ष्ठ शो, टिंकरिंग एक्टिविटीज, लिक्विड नाइट्रोजन शो जैसे रोचक कार्यक्रम हुए। कल्पक घर व साइंस पार्क विजिट और प्रवीण तुपे,फाउंडेड डायरेक्टर ऑफ़ साइंस पार्क के साथ स्टेम टॉक हुआ। नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन में बृहस्पति ग्रह देखा।द्वितीय दिवस की शुरुआत कैंपस में नेचर वॉक से हुई जिसमें शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र में पाए जाने वाली जैवविविधता का तुलनात्मक अध्ययन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. एम.एस. संथानम डीन इंटरनेशनल रिलेशंस एंड आउटरीच, प्रो. देवप्रिया चट्टोपाध्याय एसोसिएट डीन, अशोक रूपनर सीनियर टेकनिकल ऑफिसर एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेट, आशिष गौतम पीएम कोऑर्डिनेटर, विजय रंजन प्रोग्रामर समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया।

बिजली पानी के लिए जनता में हाहाकार फेल है कुशासन तिहारः कांग्रेस

- विधानसभा का और भी बुरा हाल है बिजली जाता है वापस 3 घंटे बाद आता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 21 मई। तीन चरणों में सुशासन त्यौहार मना कर सत्ता सीन भाजपा अपनी ही पीठ थपथपा रही है खुद को शाबाशी दे रही है। दूसरी और जनता भारी गर्मी में बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है यह बात कहते हुए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे कहा कि जनता भाजपा को सत्ता में लाकर पछता रही है और धोखेबाज सरकार को कोस रही है। कन्नौजे ने आगे कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकसित छत्तीसगढ़ और भारत का जनता को सब्जबाग दिखाते हुए शर्म नहीं आ रही है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री, और मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र और भाजपा सांसद संतोष पांडे निर्वाचन जिले का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी सुविधाएं ही दिलापने में असमर्थ साबित हो रहे हैं और सुशासन की तथा विकसित भारत की झूठी बात करती है पहले सड़कों का सुधार कर ले और जनता को भारी गर्मी में बिजली पानी समुचित सुविधा उपलब्ध करा दें तो जनता खुद ब खुद इन्हें दुआएं देंगे। लेकिन बिजली पानी और सड़क के मुद्दे पर

जनता भाजपा को लगातार कोस रही है। जिले में प्रशासनिक लचरता पर भी तस्वीर पेश की है जनता दफ्तरों में अपना कामकाज करने चक्कर काटती है तो अधिकारी गायब मिलते हैं और वहां मौजूद कतिपय कर्मचारी यह कहकर वापस कर देते हैं कि साहब सुशासन तिहार के शिविर में गए हैं और दूसरी बात यह है कि राजस्व विभाग हो चाहे और कोई विभाग बिना पैसों के जनता का काम नहीं होता।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज देंगे 23.44 करोड़ की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 21 मई। नगर विकास की कडी में मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 23 करोड राशि स्वीकृत की गयी, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने कल 21 मई बुधवार को संध्या 6 बजे उर्जा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह भूमिपूजन करेंगे, साथ ही पुष्पवाटिका में बने फिस एक्वेरियम का उद्घाटन भी करेगे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री माननीय अरूण साव व विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि शासन अनुशंसा अनुसार खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत लगभग 30 लाख रूपये से पुष्पवाटिका में फिस एक्वेरियम का निर्माण किया गया है, जिसका कल डॉ. रमन सिंह जी उद्घाटन करेगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार संस्कारधानी में विकास कार्य कराने विधायक, सांसद एवं प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा माननीय उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने 23 करोड 44 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किये, जिसमें राज्य बजट अंतर्गत 11.18 करोड रूपये से नालंदा परिसर निर्माण तथा अधोसंरचना मद अंतर्गत 66 विकास कार्य के लिए लगभग 6 करोड तथा अधोसंरचना व पर्यावरण उपकर अंतर्गत 66 कार्य के लिए 5.46 करोड रूपये तथा प्रभारी मंत्री अनुशंसा अंतर्गत 06 कार्य के लिए लगभग 24 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

शेयर ट्रेडिंगः तगड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में कारोबारी ने गंवाए 2 करोड़ 66 लाख रुपय

रायपुर, 21 मई। राजधानी के एक कारोबारी ने शेयर ट्रेडिंग और निवेश में तगड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में करोड़ों रूपयों का नुकसान करवा लिया। साइबर ठगों ने कपड़ा कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग और निवेश पर तगड़ा मुनाफ ा दिलाने का झांसा देकर करीब 2 करोड़ 66 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई।

मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी हेमंत कुमार जैन निवासी महेश कॉलोनी,गुढ़ियारी ने 25 फरवरी 2025 को गूगल पर बीएन राठी सिक्योरिटीज नामक कंपनी का विज्ञापन देखा, जिसमें निवेश पर दोगुना-तिगुना मुनाफे का लालच दिया गया था। वेबसाइट पर क्लिक करते ही उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अलग-अलग नंबरों से कंपनी के प्रतिनिधियों ने निवेश के लिए प्रेरित किया। जिसके चक्कर मे आकर कारोबारी ने फर्जी वेबसाइट पर भरोसा किया और धीरे-धीरे बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। बताया जाता है कि 12 मार्च से 30 अप्रैल 2025 के बीच कारोबारी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 2.66 करोड़ रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किए। कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए उनके नाम की आईडी बनाई गई और फर्जी लाभ दिखाया गया। ठगों ने भरोसा जीतने के बाद बार-बार निवेश के लिए उकसाया।

बाद में जब कंपनी के प्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिया और एक नया व्यक्ति यह कहकर संपर्क में आया कि पहले वाला अस्पताल में भर्ती है, तो कारोबारी को शक हुआ। इसके बाद उसे 12.5 लाख रुपये और निवेश करने पर पांच करोड़ रुपये मिलने का नया झांसा भी दिया गया। जिसके बाद शक होने पर कारोबारी हेमंत जैन हैदराबाद स्थित कथित कंपनी के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि कई लोग इस तरह की ठगी का शिकार हो चुके हैं। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने गुढ़ियारी थाने और साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। जांच में सामने आए खातों में से करीब 12 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं।

सरपंचों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने प्रशिक्षण दिया गया

कोरबा, 21 मई। भारत सरकार, नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा आकांक्षी जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् नैस्कॉम फाउण्डेशन द्वारा जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को डिजिटली साक्षरता कार्यक्रम के तहत् डिजिटल रूप से सशक्त बनाने व उनके दैनिक कार्य को सरल बनाने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत कोरवा के सभाकक्ष में किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत आती है. जिसका उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है।

किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

- अगले 15 दिनों में शत-प्रतिशत किसानों का क्रेडिट कार्ड बनवाने के निर्देश
- कलेक्टर ने की कृषि और सहयोगी विभागों के कामकाज की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 21 मई। किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने के मामले में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने आज कृषि और सहयोगी विभागों की समीक्षा बैठक में सभी मैदानी अमले को शत-प्रतिशत किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है। कलेक्टर ने सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, उद्यानिकी, मछलीपालन और पशुपालन विभाग के मैदानी अमले को इसके लिए सख्त निर्देश दिए है। 15 दिनों के भीतर लक्ष्य अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनने पर लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। श्री मिश्रा ने आज समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि छोटे किसानों से लेकर वन अधिकार पट्टा वाले किसानों से भी क्रेडिट कार्ड बनवाए जाएं ताकि ऐसे किसानों को पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी फसलों की सामुहिक खेती के साथ-साथ डेयरी और अन्य रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ने में आसानी हो। उन्होंने समीक्षा बैठक में मौजूद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि कृषि और सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के साथ मिलकर गांव-गांव में शिविर आयोजित कर 15 दिनों के भीतर सभी किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर ने पीएम सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों सहित जिले के सभी किसानों का पंजीयन एग्री स्टेक पोर्टल पर कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, कृषि विभाग के उप संचालक श्री मोनेश साहू सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखण्ड तथा मैदानी स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने जिले की सहकारी समितियों और निजी कृषि केन्द्रों-दुकानों में खाद-बीज-दवाई के भण्डारण और वितरण की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने आगामी खरीफ मौसम के लिए अभी से ही बीज-खाद का उठाव किसानों से कराने के निर्देश मैदानी अमले को दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभी भण्डारित बीज और खाद का उठाव हो जाने पर आने वाले समय में बीज-खाद की मांग अनुसार पूर्ति आसानी से समय पर हो सकेगी। उन्होंने मई माह के समाप्त होने तक कुल भण्डारित बीज-खाद में से 40 प्रतिशत का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने जिले के किसानों को मखाना, अरहर, उड़द, रागी, मक्का आदि फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। कलेक्टर ने नगरी दुबराज की खेती को बढ़ाने के लिए इच्छुक किसानों का भी चयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

समाचार संक्षेप

157 स्कूलों में दिया स्मार्ट टीवी, 111 नदियों की वर्णमाला भी बनाई

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने साहू दम्पत्ति को किया सम्मानित

धमतरी 21 मई। धमतरी जिले में सुदूर आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्कूलों में 157 स्मार्ट टीवी देने वाले और 5 देशों की 111 नदियों के नाम पर वर्णमाला बनाने वाले साहू दम्पत्ति को आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सम्मानित किया। मगरलोड के शासकीय प्राथमिक शाला लुगे में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू और उनके आयकर निरीक्षक पति तुमन चंद साहू को कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों के समक्ष समय सीमा की बैठक में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने साहू दम्पत्ति के इस काम को बच्चों की शिक्षा विशेषकर जनजाति बाहुल्य नगरी क्षेत्र के बच्चां के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने साहू दम्पत्ति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसके लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। श्रीमती रंजीता साहू-तुमन चंद साहू ने अब तक 157 स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए हैं। वहीं शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू ने 5 देशों की 111 नदियों के नाम पर बच्चों को पढ़ने के लिए वर्णमाला भी तैयार की है। जिसमें अ से ज्ञ तक अक्षरों से शुरू होने वाले 111 नदियों के नाम लिखे गए हैं। बच्चों को पानी का महत्व बताने में भी यह वर्णमाला बहुत मददगार साबित हो रही है। साहू दम्पत्ति अभी तक लगभग 11 हजार विद्यार्थियों को इस वर्णमाला का वितरण कर चुके हैं। साहू दम्पत्ति बीच-बीच में विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को कई गतिविधियों से जोड़ते हैं। उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिए कई उपयोगी गतिविधियों को स्कूलों के शिक्षकों को भी बताते हैं।

7 हजार से अधिक लोगों को मिली घर पहुंच पानी की सुविधा

धमतरी 21 मई। धमतरी जिले के दूरस्थ वनांचलों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब पीने और निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलने लगा है। जिले के धमतरी, नगरी और मगरलोड विकासखण्डों के 118 गांवों की 130 बसाहटों में हर घर जल पहुंच गया है। इन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार रेट्रोफिटिंग और सिंगल विलेज जल प्रदाय योजनाओं से एक हजार 958 घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं। पीएम जनमन के माध्यम से पानी पहुंचाने की इस योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के सात हजार से अधिक लोगों को पानी की आपूर्ति उनके घरों में नल कनेक्शन से की जा रही है। धमतरी जिल में विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों के 92 ग्राम पंचायतों के 118 गांवों की 130 बसाहटों के एक हजार 981 परिवार निवासरत हैं। यह गांव-बसाहटें सुदूर वनांचलों और घने जंगलों में बसीं हैं। यहां रहने वाले लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था के लिए अपने घरों से दूर जंगलां, तालाबों या पोखरों तक जाना पड़ता था। कई बसाहटें पानी के लिए जंगलों में बहने वाले मौसमी नदी-नालों पर निर्भर थीं। पानी के लिए बहुत दूर तक जाने में लगने वाले शारीरिक श्रम, गर्मी-बरसात-ठंड के मौसम में होने वाली असुविधाओं के साथ-साथ पोखरों-तालाबों-नालों के अशुद्ध पानी के कारण होने वाली बीमारियों से भी लोगों को जुझना पड़ता था। सुदूर जंगलों में पैदल चलते रहने से सांप-बिच्छुओं के साथ-साथ जंगली जानवरों के हमले का डर भी हमेशा लगा रहता था।

एनएसयूआई ने स्कूल बंदी के खिलाफ सौंपा स्कूल शिक्षा अपर सचिव को ज्ञापन

रायपुर, 21 मई। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाले निर्णयों के खिलाफ राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर में विरोध दर्ज कराया। प्रदेश प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नया रायपुर में अपर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग आर.पी. वर्मा को ज्ञापन सौंपा है । एनएसयूआई ने इसे न केवल संविधान के

अनुच्छेद 21-और शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन बताया, बल्कि इसे प्रदेश के लाखों छात्रों, बेरोजगार युवाओं और ग्रामीण परिवारों के भविष्य के साथ खुला धोखा बताया। छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यवस्था नहीं, प्रयोगशाला बना दिया गया है। शिक्षक पद समाप्त करना और स्कूल बंद करना सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार पर हमला है। यह निर्णय प्रदेश के गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के बच्चों से उनकी बुनियादी शिक्षा छीनने जैसा है। ह्स्द्ध इस अन्याय के खिलाफ अंतिम दम तक लड़ेगी। अगर सरकार ने अपने निर्णय वापस नहीं लिए, तो सड़कों पर निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति का गठन

राजनांदगांव 21 मई। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य, जिला मुख्यालय के आयुक्त नगर निगम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला महिला बाल विकास अधिकारी सदस्य है। वही विकासखंड स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य है।

युक्तियुक्तकरण हेतु जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति के आवश्यक दायित्व दिए गए है। जिला स्तरीय समिति के दायित्व में विकासखंड स्तरीय समिति से प्राप्त शालाओं की सूची का परीक्षण करना, युक्तियुक्तकरण किए जाने वाले विद्यालय की सूची संचालक, लोक शिक्षण को प्रेषित करना, विकासखंड स्तरीय समिति से प्राप्त अतिशेष शिक्षकों की सूची में शिक्षक का नाम, पदनाम, पदस्थापना स्थल, विषय तथा संस्था में कार्यभार ग्रहण दिनांक सहित अन्य जानकारी का परीक्षण करना एवं युक्तियुक्तकरण पदस्थापना आदेश जारी करना। जिले में शिक्षक युक्तियुक्तकरण के पश्चात रिक्त पद नहीं होने के कारण शेष रह गए।

संपादकीय

जो चीन चाहता है वही करते हैं

कोई भी राजनीतिक दल जो कहता है, करता है उसी से पहचाना जाता है कि वह देश के साथ है किसी दूसरे देश के साथ है। किसी को बतानी नहीं पड़ती कि देश का हित कौन चाहता है और कौन देश का हित नहीं चाहता है। सब जान जाते हैं, पहचान जाते हैं कि देश के लिए जरूरी कौन है और देश के लिए खतरा कौन हैं।जनता चुनाव में बता देती है कि किसको वह देश के लिए जरूरी समझती है और किसको वह देश के लिए जरूरी नहीं समझती है। वर्तमान में आतंकवाद व आतंकवादियों को लेकर भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति में है। ऐसे में देश के राजनीतिक दलों को देश व देश की सरकार के साथ रहना चाहिए और सरकार के हर काम का पूरा समर्थन करना चाहिए। 22 अप्रैल से 7 मई तक कई बार ऐसा नहीं लगा कि देश के कई राजनीतिक दल सरकार के साथ नहीं है, वह सरकार के साथ होते तो इंतजार करते सरकार क्या करने जा रही है और उसका समर्थन करते।7 मई को जब भारत ने पाकिस्तान के आंतकियों के ठिकानों पर हमला किया और उसके सबूत पेश किए तो देश के राजनीतिक दलों ने सरकार की कार्रवाई की समर्थन जरूरी किया पर यह समर्थन उनको मजबूरी में करना पड़ा क्योंकि उस वक्त यदि वह सरकार का विरोध करते तो देश के लोगों को उसी वक्त समझ आ जाता कि ये राजनीतिक दल देश के साथ नहीं है, सरकार के साथ नहीं है। कुछ दिन मजबूरी में देश के राजनीतिक दलों को सरकार के साथ खड़ा होना पड़ा, सरकार का समर्थन करना पडा इसलिए उन्होंने कोई सवाल नहीं किया,कोई राजनीति नहीं की। लेकिन यह तो हो नहीं सकता था कि विपक्ष के दल और मोदी सरकार के खिलाफ राजनीति न करें। वह मौके का इंतजार कर रहे थे। उनको मौका मिला जब पाकिस्तान के कहने पर भारत ने सैन्य कार्रवाई रोक दी। सबको मालूम है कि पाकिस्तान ने इसके लिए पहल की, भारत ने सहमति जताई इस शर्त के साथ कि पाकिस्तान की तरफ से कुछ भी किया गया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। देश के राजनीतिक दलों को मौका अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह मौका दिया। ट्रंप को कहने की कोई जरूरत नहीं थी,वह जानते थे कि इसे भारत पसंद नहीं करेगा। लेकिन युध्दविराम का श्रेय लेने के लोभ के चलते ट्रंप ने कह दिया कि उनके कहने पर पाकिस्तान व भारत ने सैन्य कार्रवाई रोकी है। कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों ने इसी को मुद्दा बना लिया कि मोदी सरकार ने ट्रंप के कहने पर या उनके दबाव में आकर सैन्य कार्रवाई रोक दी है। बाद में ट्रंप ने कहा भी कि सैन्य कार्रवाई उन्होंने नहीं रुकवाई है, उन्होंने सिर्फ मदद की है। लेकिन तब तो कांग्रेस के सरकार का खिलाफ मुद्दा मिल गया था और उसने देश भर में उसे खूब भुनाया कि मोदी सरकार ने ट्रंप के कहने पर सैन्य कार्रवाई रोक कर देश का अपमान किया है, देश की मान्य नीति के खिलाफ काम किया है। कांग्रेस ने कहा नहीं कि भारत को और कुछ दिन युध्द करना था, पीओके लेने के बाद ही युध्य रोकना था। कई लोग चाहते थे कि इतनी जल्दी युध्द नहीं रोकना था। इसमें तो भारत को कुछ हासिल नहीं हुआ। हकीकत में भारत जानता था कि युध्द ज्यादा लंबा खींचा तो चीन इसका फायदा उठाएगा और भारत को लंबे समय तक युध्द में उलझा देगा। यानी चीन चाहता था कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है तो वह जल्द खत्म नहीं होनी चाहिए। लेकिन भारत ने तीन दिन में पाकिस्तान को बुरी तरह नुकसान पहुंचा दिया। यानी पाकिस्तान की हालत लडऩे की नहीं रह गई थी, चीन के हथियार उसके किसी काम नही आए। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान के सामने भारत के सामने सरेंडर करने के अलावा कोई चारा नहीं था,पाकिस्तान ने सरेंडर कर दिया। चीन को यह बात पसंद नहीं कि पाकिस्तान ने अमरीका के दवाब में भारत के सामने झुक गया। इसलिए उसने पाकिस्तान पर दवाब डालकर युध्द विराम तुड़वाया और अमरीका को बताया कि पाकिस्तान पर चीन का प्रभाव अमरीका से ज्यादा है। मोटे तौर पर यही कहा जा सकता है कि अमरीका युध्द जितनी जल्दी बंद हो जाए बंद कराना चाहता था, ताकि उसको एशिया क्षेत्र में शांति बनाए रखने का श्रेय मिल सके।

चीन चाहता था कि भारत व पाकिस्तान युध्द लंबा चले ताकि भारत की पूरी ताकत उसमें लग जाए और वह आर्थिक तौर पर कमजोर हो जाए और उसके लिए विश्व स्तर पर कोई चुनौती न पेश कर सके। पाकिस्तान के तीन दिन में घुटनों पर आ जाने से एशिया क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत की श्रेष्ठता अपने आप साबित हो गई। पाकिस्तान ने चीनी,अमरीकी व तुर्की के हथियार भारत के खिलाफ प्रयोग किए और भारत को ज्यादा नुकसान न पहुंचा सका। जबकि भारत ने कुछ विदेशी व ज्यादातर स्वदेशी हथियारों से पाकिस्तान को तीन दिन में भारी नुकसान पहुंचाया और इसके सबूत भी दुनिया को दिखाए। इससे चीनी हथियारों की श्रेष्ठता पर सवालिया निशान लग गया, उसकी मांग विश्व के देशों में कम हो गई और भारतीय हथियारों की मांग अपने आप बढ़ गई। ऐसे में चीन चाहता था कि भारतीय सेना व उसके हथियारों की क्षमता व श्रेष्ठता पर सवालिया निशान लगाया जाए इसलिए उसने पाकिस्तान के जरिए विश्व में फेक न्यूज फैलाए कि पाकिस्तान को कोई नुकसान नही हुआ है, पाकिस्तान ने भारत को ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। चीन जो चाहता था वैसा पाकिस्तान ने किया।चीन चाहता था कि पाकिस्तान जैसा कर रहा है, वैसा ही भारत में भी हो। क्योंकि पाकिस्तान इस दौरान इतने झूठ बोलें है कि विश्व स्तर पर उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं रह गई है।पूरा विश्व इस बात पर हंसता है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री को अपने संसद में झूठ बोलते हैं। पाकिस्तान पीएम पाकिस्तान की जनता से कहते हैं कि पाकिस्तान की जीत हुई है। बाद में वह भी झूठे साबित होते हैं। भारत में कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जिसका चीन से एमओयू है, इसलिए जब राहुल गांधी ने भी वही बात कही जो पाकिस्तान कह रहा है तो देश के लोगों को यह समझते देर नहीं लगी कि राहुलगांधी सेना के नुकसान की बात क्यों कर रहे हैं। राहुल गांधी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग क्यों कर रहे हैं। चीन के इशारे पर ही तो इस देश में सेना के जवानों के बारे में कहा गया था भारत की सेना तो पिटती है। भारतीय सेना कमजोर है और चीनी सेना मजबूत है।

विश्लेषण

'विकास' उड़ गया आंधी में

निर्मल रानी

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज़ आंधी,बारिश व तूफ़ान का सामना करना पड़ा। इस तेज़ आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के क़रीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गये। जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है। परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज़ हवा के चलते उड़ गई। और छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। ग़ौर तलब है कि अभी क़रीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है। और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफ़ान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपये की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुये इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं।

यहाँ एक बात यह भी क़ाबिले ग़ौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्सप्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्रायः कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज़ करते हुये कहा था कि "कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेज़ी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि 'मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज़ गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।' परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मज़बूत भी चाहिये। याद कीजिये 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गये थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुदरेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर क़रीब 14 हज़ार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुनः चित्रकूट को जाने वाली लेन पर क़रीब एक दर्जन गढ्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये गए थे और काफ़ी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफ़ी फ़ज़ीहत हुई थी। ज़ाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा ज़िले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुज़रने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहाँ भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था। इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की लागत आई थी। 12 फ़रवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुये इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस 'उत्कृष्ट निर्माण' की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गये या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गयीं। चंडीगढ़ से राजस्थान को जाने वाला अंबाला से होकर गुज़रने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुज़रने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे 'गड्ढे ' विकसित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी ज़िम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की।

सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आख़िर क्या है ? कौन हैं इन कंपनीज़ के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इसतरह खुलकर लूट करते हैं ? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आख़िर कभी ख़त्म भी होगा या नहीं ? इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है ? क्या वजह है कि जिन मुग़लों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाये हुये हज़ारों निर्माण आज भी पूरी मज़बूती के साथ अपना सिर बुलंद किये खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेज़ों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आजतक क्षतिग्रस्त नहीं हुये। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिज़ाइन किये गये पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नये संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक़्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का 'विकास' कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है ?

आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। कई दिनों से रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। धैर्य से आज आपके सारे काम बनते नजर आएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। निवेश करने से पहले अपने बड़ों की राय जरूर लें।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी घर के काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य जल्द पूरा करने में सफलता मिलेगी। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से पूरे होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगी। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपको महत्वपूर्ण समाचार मिल सकता है। आज कोर्ट कचहरी के मामलों में जीत हासिल हो सकती है। आज समाज में मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज कारोबार में सफलता और नौकरी में तरक्की हो सकती है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आज कार्यों में किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई वस्तु आज अचानक मिल जाएगी। आज आपको इनवेस्ट में लाभ होगा। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है, जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात भी अच्छे से समझने की कोशिश करें, इससे आपको लाभ मिलेगा। आज दोस्त आपसे मदद के लिए कह सकते है। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल होंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नये वाहन को खरीदने की सोच रहें है तो खरीद लें। व्यापार में आज आपको लाभ मिलने के आसार नजर आ रहें हैं। पुराने मित्रों से आज आपकी मुलाकात हो सकती है।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नई प्रॉपर्टी खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है। घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी करने के लिए जीवनसाथी के साथ मार्केट जाएंगे। आज सोच-समझकर ही दूसरों की मदद करें।

तुला राशि : आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी काम को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे और आपके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक तौर पर यह समय आपके लिए फूंक-फूंक कर कदम रखने वाला होगा। आपके ख़र्चे बढऩे संभव हैं। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्त के साथ डिनर करने जाएंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरुआत अच्छे विचारों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेगा। इस राशि के लोगों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा। आज आपका ज्यादा समय माता-पिता के साथ बीतेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। घर के किसी काम को पूरा करने के लिए भाई के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इलेक्ट्रोनिक का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ हैं।

मकर राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज व्यापार को बढ़ाने के लिए नए अवसर मिलेंगे। आज शैक्षणिक कार्यों में मन लगेगा। आज राजनीति में सफलता मिलेगी। पहले किये हुए निवेश का आज लाभ मिलेगा। इस राशि के लोगों को जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा, जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आएगा। आपका रुझान अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की वजह से मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेंगे पैसों से जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी। व्यवसाय को बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी की सलाह लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल होने वाली है। आज करियर को लेकर लाभ मिलने वाला है। जरूरी कार्यों को पूरा करने में किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। आज परिवार में एक दूसरे के साथ आपसी सामंजस्य बेहतर होंगे। आज विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए जितना हो सके आप उनसे दूरियां बनाकर रहें।

बढ़ती हुई बेरोजगारी का कारण इंसान खुद है, न कि सरकार

अनंत शर्मा

आजकल भारत में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। बढ़ती बेरोजगारी का जिम्मेदार हम सरकार को ठहराते हैं, लेकिन क्या ये पूरी तरह से सही है? क्या हमें ये नहीं समझना चाहिए कि इस स्थिति के लिए कुछ हद तक हम खुद भी जिम्मेदार हैं? बेरोजगारी का कारण केवल सरकारी नीतियों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारी अपनी सोच और कार्यशैली में भी कई गलतियाँ हैं, जो इस समस्या को बढ़ावा देती हैं। इस लेख में हम ऐसे कई पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिनकी वजह से बेरोजगारी बढ़ रही ।

सबका सरकारी नौकरी की तरफ देखना- हमारे समाज में यह धारणा बन गई है कि सरकारी नौकरी ही सबसे बेहतरीन नौकरी है। स्कूल और कॉलेज के छात्रों से लेकर बड़े-बड़े लोगों तक, सरकारी नौकरी को सबसे प्रतिष्ठित और सुरक्षित माना जाता है। यह सोच हमें अपने अन्य विकल्पों को नजरअंदाज करने की आदत डाल देती है। जब हम केवल सरकारी नौकरी की तरफ देखेंगे, तो यह बेरोजगारी को बढ़ावा देगा क्योंकि सरकारी नौकरियों की संख्या सीमित होती है। नतीजा यह होता है कि युवा अपनी क्षमता और हुनर के हिसाब से निजी क्षेत्र में काम नहीं करने की कोशिश करते और सरकारी नौकरी के लिए अनिश्चितकाल तक इंतजार करते रहते हैं।

12वीं के बाद ज्यादा समय तक ड्रॉप लेना और सरकारी कॉलेज के लिए इंतजार करना- बहुत से छात्र 12वीं के बाद सरकारी कॉलेज में दाखिला लेने के लिए सालों तक इंतजार करते हैं। वे यह सोचते हैं कि केवल सरकारी कॉलेज में ही बेहतर शिक्षा मिल सकती है, जबकि वह समय अपनी शिक्षा में अच्छे अंक लाने और किसी और अच्छे अवसर की तलाश में भी बिता सकते थे। इस इंतजार के दौरान कई छात्र अपना साल गंवा देते हैं, जिससे उनकी शैक्षिक और पेशेवर जीवन में देरी हो जाती है।

कॉलेजों में पढ़ाई के समय मेहनत न करना- बहुत से छात्रों को कॉलेज में दाखिला मिल जाता है, लेकिन वे पढ़ाई में सही मेहनत नहीं करते। उनका ध्यान पढ़ाई से ज्यादा मज़े करने, पार्टियों और अन्य गतिविधियों में होता है। ऐसे में उनका समय बर्बाद हो जाता है और वे अपनी शिक्षा में फेल हो जाते हैं। जब वह नौकरी की तलाश करते हैं, तो वे महसूस करते हैं कि उनके पास कोई कौशल या ज्ञान नहीं है, जो उन्हें नौकरी पाने में मदद कर सके।

माँ-बाप की उम्मीदें और समाज का दबाव- हमारे समाज में अक्सर यह देखा जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों से विशेष क्षेत्रों में करियर बनाने की उम्मीद करते हैं, जैसे डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी अफसर बनना। इस समाजिक दबाव के कारण बहुत से बच्चे अपनी इच्छा के विपरीत वह क्षेत्र चुनते हैं, जो उन्हें पसंद नहीं होता। अंत में, वे न तो उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर पाते हैं और न ही अपने मन की शांति पा पाते हैं।

बढ़ती जनसंख्या- भारत में हर साल जनसंख्या बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। जितने लोग देश में बढ़ रहे हैं, उतने रोज़गार के मौके नहीं बन पा रहे। जब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा हो जाती है, तो सभी लोगों को नौकरी देना मुश्किल हो जाता है। हर किसी को पढ़ाई, नौकरी, और अच्छी ज़िंदगी जीने के लिए संसाधन चाहिए होते हैं – जैसे स्कूल, कॉलेज, कंपनियाँ, ज़मीन, पैसा आदि। लेकिन जब लोग ज़्यादा हो जाते हैं और संसाधन उतने ही रहते हैं, तो ज़ाहिर है कि कई लोगों को उनका हक़ नहीं मिल पाता। इसका सीधा असर बेरोजगारी पर पड़ता है। क्योंकि हर नौकरी के लिए सैकड़ों लोग लाइन में होते हैं, और उनमें से बहुत कम को ही काम मिल पाता है। बाक़ी लोग या तो खाली बैठ जाते हैं या फिर किसी छोटे-मोटे काम में लग जाते हैं जिससे उनके सपने पूरे नहीं हो पाते।

उद्यमिता की तरफ ज्यादा झुकाव- तत्कालीन सरकार के द्वारा उद्यमिता पर ज्यादा जोर दिया गया है और यह सही भी है। उद्यमिता बहुत बड़ा हथियार है बेरोजगारी के विरुद्ध, पर उद्यमिता के लिए आर्थिक रूप से सक्षम होना बहुत जरूरी है। उद्यमिता के अपने कुछ दुष्परिणाम भी है जैसे- आर्थिक अस्थिरता, मानसिक दबाव ,संसाधनों की कमी, बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा आदि है। आजकल के युवाओं में उद्यमिता की ओर बढ़ावा देखा जा रहा है जो एक आत्मनिर्भरता का भ्रम है। यहां हमें सोचना होगा कि उद्यमिता एक अच्छी सोच है पर बेरोजगारी को कम करने के लिए उपयुक्त नहीं। बेरोजगारी को हमें खुद ही कम करना होगा अपनी कार्य शैली, ज्ञान और सही फैसला लेकर। "इंसान की अपनी सोच और मेहनत ही उसके भविष्य को निर्धारित करती है, सरकार केवल रास्ता दिखा सकती है।"

भारत के बौद्धिक तथा समग्र विकास के लिए युवाओं की बड़ी भूमिका

संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं।

यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

मनरेगा के अंतर्गत वॉटर कंजर्वेशन के कार्यों को दें प्राथमिकता:कलेक्टर

प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास निर्माण कार्यों को बारिश के पहले पूर्ण करने पर जोर

जगदलपुर, 21 मई। कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि वर्किंग सीजन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ज्यादा से ज्यादा पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाएं। मनरेगा के अंतर्गत रोजगारमूलक कार्यों में वॉटर कंजर्वेशन के कार्यों को प्राथमिकता दें और मानसून के पहले उक्त कार्यों को पूर्ण करें। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण कार्यों को बारिश से पहले पूर्ण करने के लिए ध्यान केंद्रित करें। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने रोजगार सहायकों एवं तकनीकी सहायकों से गांवों में विकास कार्यों के लिए रोजगार सृजन सहित कार्यों का मूल्यांकन का संज्ञान लेकर इस दिशा में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद के विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव जल्द देने कहा। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही युक्तियुक्तकरण के कार्यों का अनुभाग स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सभी एसडीएम समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग के द्वारा गौण खनिज के उत्खनन हेतु राजस्व और वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र देने हेतु कार्यवाही करें ताकि रेत खदान की स्वीकृति पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजनांतगत अंदरूनी इलाकों के बसाहटों को आवागमन सुविधा से जोड़ने हेतु बस संचालित किए जाने रूट चार्ट पर चर्चा कर जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा।

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में शासन की चिन्हित योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पात्र हितग्राहियों का एन्ट्री को जल्द पूर्ण करें। सर्वे का रिपोर्ट का राष्ट्रीय स्तर के एजेंसी द्वारा जांच किया जाएगा। इसके डाटाबेस विभागीय योजना के जानकारी का सुधार करवाएं। उन्होंने जांच के लिए पहुंचने पर टीम का रूट चार्ट बनवाने पर चर्चा किए। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण स्थिति का संज्ञान लिए और कलस्टर में आयोजित समाधान शिविर के पास अच्छे कार्यों को करवाने कहा। साथ ही संबंधित क्षेत्र के समस्याओं के लिए निराकरण हेतु प्राथमिकता से पहल करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के ब्लॉक वार जानकारी लेते हुए योजना के तहत हितग्राही को प्रथम किश्त भुगतान उपरांत आवासों की भौतिक प्रगति, सेकण्ड स्टालमेंट के अवधि में जिओ टेगिंग करवाने के निर्देश दिए। अप्रारंभ एवं लेआउट किए हुए कार्यों में आवश्यक गति देने कहा। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा की प्रगति के साथ पीएम किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन, इसके अलावा उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण, भंडारण हेतु डीडी राशि की जमा की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति, बैंक में पशुधन, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी के प्रकरणों में प्रगति की समीक्षा किए।

एक नजर

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनचालकों पर की जा रही कार्रवाई

बचेली, 21 मई। दन्तेवाड़ा में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से समझाईश देने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक- प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा लगातार समझाईश दी जा रही है एव चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनाँक 20.05.025 को भी पुनः उसी जगह एनएच 30 पर गीदम जावांगा में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें अवैध तरीके से रूश्ष्ठ लाइट लगाने वाले सभी 21 बड़ी वाहनों, 03 बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले कुल 24 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 22500/00 (बाईस हजार पांच सौ रूपये) का समन शुल्क वसूल किया जाकर भारी मात्रा में एलईडी लाइट जप्त किया गया है। साथ ही साथ रोजाना की तरह आज भी एलईडी लाइट न लगाने/सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/ शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने के संबंध में समझाईश दिया गया।

केंद्रीय विद्यालय सुकमा में कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

सुकमा, 21 मई। कक्षा दसवीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम लाने के उपरांत केंद्रीय विद्यालय सुकमा में कक्षा 11वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कक्षा 11वीं के दोनों संकायों में प्रवेश हेतु 40-40 सीटें निर्धारित की गई हैं। केंद्रीय विद्यालय सुकमा के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा 11वीं में प्रवेश लेने के उपरांत बची रिक्त सीटों पर दूसरे विद्यालयों से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश पाने का सुनहरा अवसर है। गैर के.वि. सुकमा के विद्यार्थियों के लिए कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए पंजीकरण विद्यालय परिसर में ही दिनांक 21 मई से 28 मई 2025 तक किया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय प्रवेश -निर्देशिका 2025 के उपबंधों के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की जाएगी तथा सीबीएसई बोर्ड , छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड एवं किसी अन्य राज्य के शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विधालयों से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी दी गई समयावधि के दौरान प्रवेश हेतु पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रवेश के लिए मैरिट कक्षा दसवीं के अंकों के आधार पर बनाई जाएगी।

पोलावरम पर पीएम लेंगे 28 को बैठक

सुकमा,21 मई। पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उच्चस्तरीय बैठक 28 मई को लेंगे। इसमें चार राज्यों के मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

बस्तर कमिश्नर ने समर कैंप का जायजा लिया और शिक्षकों से कहा

बच्चों में अपनी जड़ों के प्रति सम्मान और समझ बढ़ाने के लिए करें सकारात्मक प्रयास

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 21 मई। कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने मंगलवार को बस्तर जिले के बस्तर एवं तोकापाल ब्लॉक के कुड़कानार एवं धरमाउर स्कूलों में आयोजित समर कैंप का जायजा लिया और बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स, खिलौने, रंगोली इत्यादि का बारीकी से अवलोकन कर इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर बच्चों ने कविता, देशभक्ति गीत, कहानी भी सुनाया। इस दौरान कमिश्नर ने स्कूली बच्चों को स्थानीय परिवेश के मुताबिक सीखने-समझने तथा सृजन प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षकों को समझाइश देते हुए कहा कि समर कैंप गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए कुछ नया और सार्थक सीखने का सुनहरा मौका है। समर कैंप में खासतौर पर स्थानीय परिवेश और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को अपने आसपास के सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पहलुओं को करीब से जानने और समझने का अवसर प्रदान करें। बच्चों में अपनी जड़ों के प्रति सम्मान और समझ बढ़े, इस दिशा में बच्चों को अपने परिवार के वंशावली के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित कर पिता, दादा, परदादा के नाम उल्लेखित कर वंशवृक्ष बनाने के लिए कहें। जिससे बच्चों की जिज्ञासा बढ़े और वे स्वयं के परिवार सहित ननिहाल के बारे में भी जानने के लिए प्रेरित हो सकें। इन बच्चों को गांव के इतिहास, भौगोलिक स्थिति एवं विशेषताओं सहित गांव में उपयोग की जाने वाली बैलगाड़ी, सायकिल, कृषि के यंत्र, घरेलू उपयोग की सामग्री, ग्रामीण त्यौहार एवं पर्व इत्यादि के सम्बंध में भी जानने-समझने के लिए अभिप्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को पारंपरिक खेल, लोककला, स्थानीय बोली-भाषा, लोक गीत, लोक नृत्य, हस्तशिल्प, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय खानपान से संबंधित गतिविधियों में शामिल करें। इसके साथ ही उन्हें स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी, वीर-वीरांगनाओं, धरोहर, परंपराएं और प्रमुख व्यक्तियों के बारे में भी अवगत होने का अवसर प्रदान किया जाए।

समर कैंप में शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाना, लोकगीत-देशभक्ति गीत गाना, पेंटिंग्स बनाना और जैव विविधता को समझने जैसे रोचक सत्रों में भाग लिया। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक जुड़ाव की भावना भी विकसित हुई। कमिश्नर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के समर कैंप बच्चों को किताबों से परे जाकर जीवन से जुड़ी अहम बातें सीखने का अवसर देते हैं। यह अनुभव न केवल उनके समग्र विकास में सहायक होता है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाता है। इस दौरान कमिश्नर श्री डोमन सिंह को प्राथमिक शाला कुड़कानार के कक्षा चैथी के छात्र यूकेश बघेल ने स्वयं द्वारा तैयार पेंटिंग्स भेंट की तो कमिश्नर ने उसके प्रतिभा को सराहा और शाबाशी दी। साथ ही कक्षा 5 वीं की छात्रा सलोनी बघेल एवं तीसरी कक्षा की छात्रा रेशमी कश्यप ने कविता सुनाई। वहीं कुणाल ठाकुर ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर भाव-विभोर कर दिया। माध्यमिक शाला के 8 वीं के छात्र प्रकाश नाग ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का नाम बताया, तो अमित बघेल ने बैलगाड़ी के पुर्जों एवं विजय बघेल ने सायकल के पुर्जों के बारे में बताया। इसी तरह माध्यमिक शाला धरमाउर के छात्र हिमांशु कश्यप ने अपने परिवार के वंशवृक्ष तथा छात्रा सिमरन नाग ने विभिन्न खेल विधाओं के बारे में बताया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी समस्याएं और तत्काल किया निराकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 21 मई। सुशासन तिहार के तीसरे चरण का समाधान शिविर छिंदगढ़ विकासखण्ड के के कलस्टर ग्राम पंचायत पाकेला में आयोजित किया गया। बीएमओ की अनुपस्थिति पर आयोग की सदस्य सुश्री शोरी ने नाराजगी व्यक्त की। स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित जानकारी के सम्बंध में आयोग की सदस्य सुश्री शोरी ने बीएमओ छिंदगढ़ से जानकारी प्राप्त करनी चाही परन्तु वो शिविर में अनुपस्थित थे। जिस पर सुश्री शोरी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा पाकेला मेरा गृहग्राम है। चाहती हूं कि यहाँ शासन की किसी भी महती योजना से कोई पात्र ग्रामीण न छूटे आज एक महिला को आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता है। जिसकी जानकारी मुझे चाहिए और ऐसे संवेदनशील कार्यक्रम में बीएमओ नदारत हैं। किसी जिम्मेदार अधिकारी का अनुपस्थित रहना अच्छी बात नहीं है। सुकमा कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को उनकी समस्या का निराकरण शिविर के दौरान ही किया जा रहा है और ऐसे में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति उसके गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता शोरी ने ग्रामीणों एवं अन्य अधिकारियों से भी सीधा संवाद किया। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। खारिज आवेदनों का कारण पूछ कर उसमें सुधार कर ग्रामीणों को लाभ कैसे मिले इस पर अधिकारियों को चिंता करने हेतु आयोग की सदस्य सुश्री शोरी ने निर्देश दिया। शोरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने तीन चरणों में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।

पीएमश्री शाला सुकमा में समर कैम्प का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 21 मई। सुकमा जिला में चयनित पी एम श्री स्कूल आत्मा नंद बायस हायर सकेंडरी सुकमा, पीएम श्री बालिका पोर्टा केबिन हाई स्कूल मुरतोंडा,पीएम श्री बालिका पोर्टा केबिन हाई स्कूल बालाटिकरा,पीएम श्री बालिका पोर्टाकेबिन एराबोर, पीएम श्री आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी कोंटा में राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सुकमा के मार्ग दर्शन में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सुकमा में आयोजित इस समर कैम्प में कक्षा 1 से 12 के अध्ययन रतबच्चे भाग ले रहे हैं जो अपने स्कूल में नृत्य, संगीत, टाय मेकिंग, कला एवं शिल्प, ब्यूटीपार्लर कोर्स, मॉडल प्रदर्शन, कम्युनिकेशन स्किल, पाक कला, आदि मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से सीख रहें एवं नये अनुभव से परिचित हो रहें है। यह समर कैम्प का दिनांक 15 मई से 25 मई तक संचालित रहेगा।

पाकेला समाधान शिविर में सभी आवेदनों का किया गया निराकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 21 मई। सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत पाकेला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में आयोजित समाधान शिविर में आसपास के ग्रामीणों से शिकायत एवं मांगों से संबंधित आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों को प्राप्त सभी आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में मांग से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवेदन प्रेषित किया गया। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी सार्वजनिक वाचन के माध्यम से दी गई। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामुदायिक शौचालय और सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

12697 परीक्षार्थी होंगे प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा में शामिल

जगदलपुर के साथ समीपस्थ 46 परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में होगी परीक्षा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 21 मई। कलेक्टर बस्तर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में व्यापमं की 22 मई को होने वाली प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा हेतु सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी केन्द्राध्यक्षों को व्यापमं द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 22 मई 2025 दिन गुरुवार को प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12रू15 बजे तक एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा दोपहर 02 बजे से शाम 04रू15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। स्कूली शिक्षा का दायित्व निभाने के लिए इस बार बस्तर जिले से करीब 12700 परीक्षार्थी प्री-बीएड (बेचलर ऑफ एजुकेशन) एवं प्री-डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) परीक्षा में शामिल होंगे। जिसमें प्री-बीएड हेतु 7448 परीक्षार्थी व प्री-डीएलएड हेतु 5249 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। दोनों पाली में कुल 12700 के करीब परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे।

उक्त परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। बारिश एवं आंधी-तूफान की संभावना को देखते हुए सुबह के पाली में 9रू30 बजे ही पहुंच जाएं एवं शाम की पाली में 1रू30 बजे परीक्षा केन्द्र में पहुंच जाएं, साथ में अपना आईडी कार्ड जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस आदि में से कोई भी मूल कार्ड परीक्षा केन्द्र में जरूर लेकर आएं, वहीं अपना व्यापमं द्वारा जारी प्रवेश पत्र भी अनिवार्य रूप से साथ में रखें जो कि साफ-सुथरा हो। परिचय पत्र के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अनावश्यक सामान परीक्षा केन्द्र में बिलकुल नहीं लाएं। परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार हेल्प नम्बर जारी किया जा रहा है, इस दिशा में कलेक्टोरेट में नोडल अधिकारी के कक्ष को हेल्प लाईन सेंटर बनाया गया है। उक्त परीक्षा सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मायानन्द चंद्रा मोबाईल नम्बर 83192-22059, परीक्षा प्रभारी सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाईल नम्बर 70009-74126 एवं कार्यालय सहायक परीक्षा शाखा सम्पत राम बघेल मोबाईल नम्बर 62686-60403 से सम्पर्क किया जा सकता है। व्यापमं की प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा में परीक्षार्थी ज्यादा होने के कारण इस बार सुबह की पाली में 18 एवं शाम की पाली में 28 कुल 46 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, आवश्यकता के अनुरूप जगदलपुर शहर के बाहर के स्कूलों को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें तोकापाल रोड में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल तोकापाल, चित्रकोट रोड में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल करंजी एवं पोटानार, बस्तर रोड में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बोरपदर, घाटलोहंगा एवं शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल को भी सुविधा की दृष्टि से परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। वहीं नगरनार रोड में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आड़ावाल, मारकेल, बाबूसेमरा एवं आड़ावाल बायपास रोड में स्थित माउण्ट लिटेराजी स्कूल एवं शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बिलौरी को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय के पहले उपस्थित होने के लिए परीक्षार्थी पूरी जानकारी हेल्प लाईन सेंटर से प्राप्त कर सकते हैं।

महतारी वंदन योजना आशा के लिए मुश्किल वक्त का सहारा

सुकमा, 21 मई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का यह महत्वाकांयोजना जिले के आदिवासी बहुल छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिपुरपाल की ग्रामीण महिला श्रीमती आशा नाग के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत इन प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग उनके बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। राज्य शासन की इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम चिपुरपाल निवासी श्रीमती आशा ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि मेरे लिए हर तरह से उपयोगी साबित हो रहा है। मेरे 2 बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि वे बहुत ही साधारण ग्रामीण परिवार की घरेलू महिला है। वे एवं उनके परिवार थोड़ी बहुत खेती-किसानी एवं मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह राशि प्राप्त होने के पहले अपने बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि प्रबंध करने में बहुत कठिनाई होती थी। वे और उनका परिवार बहुत मुश्किल से अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए पैसे का प्रबंध कर पाते थे। लेकिन अब प्रतिमाह महतारी वंदन योजना अंतर्गत उनके खाते में 1 हजार रुपये की राशि जमा होने से उनके बच्चे के पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि का प्रबंध करने के लिए किसी प्रकार की कठिनाई नही होती है। इस तरह से महतारी वंदन योजना लागू होने से उनके एवं उनके परिवार की बहुत बड़ी चिंता दूर हुई है। वे अपने परिवार के साथ बहुत ही खुशहाल जीवन जी रही हैं।

- प्रतिमाह मिलने वाली राशि से हुई आर्थिक स्थिति मजबूत
- महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री साय को दिया धन्यवाद

जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल जागरूकता अभियान जारी

सुकमा, 21 मई। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम जल जागरुकता अभियान के तहत सुकमा विकासखंड के ग्राम मुलागुड़ा में प्रचार प्रसार रैली के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के नारे के साथ ग्राम वासियों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सर्व समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

कोडागाँव, 21 मई। सर्व समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में स्थानीय रेस्ट हाउस में पदाधिकारीगणों ,समाज प्रमुखो, बुद्धिजीवों की उपस्थिति में सर्व समाज जिला कोंडागांव के अध्यक्ष धंसराज टंडन जी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि लोकप्रिय केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, विशिष्ट अतिथि अनिल ,खोबरागड़े झाड़ीराम सलाम जिलाध्यक्ष सरपंच संघ, रामसाय नाग सरपंच भोगापाल, संरक्षक राजेश सोना ,एमडी बघेल,आर के जैन ,बंगाराम सोढ़ी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नीलकंठ शार्दुल प्रवक्ता , मणि शंकर देवांगन उपाध्यक्ष सर्व समाज ,पचु सागर नेशनल अवार्डी, सी एल मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल समाज, वीरेंद्र बघेल युवा अध्यक्ष अदकुरी गाडा समाज, सानू मारकंडे अध्यक्ष सतनामी समाज, ए. आर सोनपिपरे बैक समाज, श्यामसिंह प्रमुख भोजपुरी समाज ,भारत जैन डडसेना कलार समाज प्रमुख, चमन लाल वर्मा कुर्मी समाज अध्यक्ष, क्रु टावरे उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति वर्ग, बसंत कुमार साहू महामंत्री साहू समाज, असलम मंसूरी मुस्लिम समाज,अनिरुद्ध कोचे,गुरुचरण, श्रीमती साधना लोन्हारे आदि उपस्थित थे।

बढ़ती बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा बिजली विभाग को ज्ञापन

जगदलपुर, 21 मई। आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में अघोषित बिजली कटौती, लगातार बढ़ती बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा गया. शहर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया जगदलपुर शहर भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार बिजली समस्या से जनता परेशान है सरकार बनने के बाद विगत डेढ़ वर्ष से अघोषित बिजली कटौती व बिजली आपूर्ति से परेशान है।शहर में आए दिन बिना किसी सूचना के घंटों बिजली गुल कर देते है जिसके कारण व्यापारी, रोजमर्रा ,काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, पढ़ाई करने वाले बच्चों से लेकर वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान है जिसको लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत विभाग कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर व्यवस्था बिजली व्यवस्था को सुधारने को लेकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बताया कि जगदलपुर शहर में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने, घंटों बिजली गुल समस्या से राहत देते हुए आम जनता को अघोषित बिजली गुल से निजात दिलाने को लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के समक्ष विरोध-प्रदर्शन कर विभाग ज्ञापन सौंपा।पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि घंटों बिजली गुल से आमजनता को परेशान करने का विद्युत विभाग ने ठेका ले लिया है, विभाग द्वारा जारी नंबर ज्यादातर बंद रहता है। अधिकारी कहते है कि मेंटनेस किया जा रहा है। जनता की समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद को शहर से कोई मतलब ही नहीं रखते है।

एक नजर

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की ली बैठक

रायगढ़, 21 मई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सुशासन तिहार में प्राप्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के आवेदनों पर शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के संबंध में चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हाइवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील करने, ठोस अपषिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत घर-घर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत पूर्ण करने एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य, परियोजना अधिकारी श्री महेश पटेल, सहायक परियोजना अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह राय, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला रायगढ़ एवं जिला सलाहकार श्री अर्जुन मेहेर, श्री हीरा सिंग गोड़ उपस्थित रहे।

एकलव्य में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए मेरिट सूची के बच्चों को मिलेगा एक और अवसर

रायगढ़, 21 मई। एकलव्य आदिवासी विद्यालयों में रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु मेरिट सूची में सम्मिलित बच्चों को एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे बच्चे 22 मई 2025 को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।सहायक आयुक्त/ सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार कलेक्टोरेट कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में गत दिवस जिले की बालक सूची सरल क्रमांक 1 से 170 तथा बालिका सूची सरल क्रमांक 1 से 170 तक एवं जिले के विशेष पिछड़े जनजाति का प्रवेश हेतु काउंसिलिंग किया गया, जिसमें कुल 300 बच्चे उपस्थित हुए।

केलो नदी कायाकल्प योजना को मिली रफ्तार

रायगढ़, 21 मई। रायगढ़ शहर की जीवनदायिनी केलो नदी के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार हेतु बहुप्रतीक्षित योजनाओं को अब नई दिशा मिल रही है। वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित केलो नदी कायाकल्प योजना के अंतर्गत पंचधारी एनीकट एवं जेलपारा एनीकट के जीर्णोद्धार, अतरमुड़ा एनीकट के निर्माण एवं खर्राघाट बैराज के कार्यों की प्रगति हेतु आज जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल रायगढ़ पहुंचा।इस निरीक्षण दल में प्रमुख अभियंता श्री इन्द्रजीत उईके, मुख्य अभियंता श्री दीपक भुमरेकर, अधीक्षण अभियंता श्री आलोक अग्रवाल, श्री प्रसुन्न शर्मा, श्री बडिया एवं श्री संजय पाठक शामिल रहे। अधिकारियों ने सर्वप्रथम पंचधारी एनीकट का निरीक्षण कर उसे ओजी टाईप एनीकट के रूप में जीर्णोद्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पंचधारी एनीकट से पंप हाऊस तक सीढ़ी बनाने एवं नदी के बण्ड प्रोटेक्शन एनीकट के अपस्ट्रीम में सफाई करने, खर्राघाट बैराज एवं अतरमुड़ा एनीकट के निर्माण हेतु चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण कर बैराज की ऊचाई 04 मीटर रखने एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को करने एवं शीघ्र सभी योजनाएं जो वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित है तत्काल डीपीआर तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश दिए।उक्त निरीक्षण के दौरान स्थानीय जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री आर.आर.सारथी, श्री होमेश नायक, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायगढ़, श्री मनीष गुप्ता कार्यपालन नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

केशकुतुल पंचायत के ग्रामीण वनोपज बेचकर मिले पैसे से बना रहे हैं सड़क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,21 मई। इन दिनों छत्तीसगढ़ सरकार पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मना रही है जहाँ लोग सड़क, पानी और बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों की मांग पर सरकार और प्रशासन कितनी गंभीर है इसे इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि बार बार सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद भी सड़क निर्माण में सरकार और प्रशासन की कोई दिलचस्पी नहीं होने से ग्रामीणों ने स्वयं ही टोरा, महुआ, इमली और आंवला जैसे वनोपज से इक्ठे पैसे से सड़क बनाने लग गए।

ऐसा ही एक मामला बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत केसकुतूल से नगर पंचायत भैरमगढ़ तक कुल आठ किलोमीटर सड़क निर्माण करने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी लेकिन सड़क निर्माण कार्य पर न ही सरकार ने कोई दिलचस्पी दिखाई और न ही प्रशासन ने द्वारा कोई ध्यान दिया गया इस बीच ग्रामीणों ने ही सुशासन तिहार के बीच अपने वनोपज से इक्ठा किए गए रुपए से सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण करने को लेकर वे सुशासन तिहार में भी कई बार गुहार लगाए पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।इस संबंध में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य लच्छूराम मौर्य का कहना है कि ग्राम पंचायत केशकुतुल के सुराखडा गांव के लोग जिनकी आबादी 350 के आसपास है वे अपने गांव की सड़क को भैरमगढ़ तक निर्माण करने के लिए ग्रामीणों ने कई बार सरकार और प्रशासन को पत्र लिखे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई इसलिए ग्रामीणों ने अपने वनोपजों को बेच कर सड़क निर्माण कार्य कर रहे है जो कि एक गंभीर विषय है इसे देखकर ऐसा लगता है कि सरकार को आम नागरिकों से कोई सरोकार नहीं है।जनपद पंचायत भैरमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी आर साहू का कहना है कि सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य करने की मांग से अवगत कराया, रोजगार गारंटी योजना में केवल मिट्टी का काम स्वीकृत किया जा सकता है। मुरमीकरण का प्रावधान मनरेगा योजना में नहीं है। यदि ग्राम पंचायत अपने स्वयं के साधन से मुरमीकरण करना चाहते है तो मिट्टी सड़क स्वीकृत किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया है कि मार्ग पथरीला है चट्टान और मुरुम है कड़ी मिट्टी होने के कारण मनरेगा योजना से कार्य कराने में रुचि नहीं दिखाया है।

भाजपा की नीति एवं नीयत में खोट गरीबों के पेट पर कर रही है चोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम,21 मई। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले की समीक्षा बैठक के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को 25 मई तक बढ़ाए जाने के निर्णय पर अपना पक्ष रखते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि तेंदूपत्ता का सीजन एक मई से प्रारंभ होकर लगभग एक हफ्ता चलता है इसके पश्चात संग्रहण किया हुआ तेंदूपत्ता गुणवत्ता विहीन होने के कारण इसकी उपयोगिता नहीं रह जाती। ताटी ने सरकार की नई तेंदूपत्ता नीति को गरीबों के पेट पर चोट पहुंचाने वाला निर्णय बताते हुए कहा कि भाजपा की नीति एवं नीयत में खोट होने के कारण यह गरीबों की हितैषी नहीं हो सकती। ताटी ने वन अधिकारियों पर निष्क्रियता का आरोप

लगाते हुए कहा कि जानबूझकर मौसम का बहाना बनाकर विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विलंब से प्रारंभ किए जाने से यह कार्य अत्यधिक प्रभावित हुआ है जिसका सीधा असर संग्रहण कार्य में लगे गरीबों के आमदनी पर पड़ा है। भद्राकाली समिति अंतर्गत ग्राम भद्राकाली चंदूर तारलागुडा तथा तारुड़ में आज पर्यंत तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर खेद व्यक्त करते हुए ताटी ने इसे वन अधिकारियो के घोर लापरवाही का परिणाम बताया है। ताटी ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में ग्रामीणों द्वारा रुचि नहीं लेने के कारणों का खुलासा करते हुए बताया कि पूर्व में ठेकेदार द्वारा तेंदूपत्ता कार्य में लगे मजदूरों को उलटाई एवं पलटाई के साथ-साथ वाचर को भी मजदूरी का भुगतान किया जाता रहा है लेकिन अब इन मजदूरों को किसी प्रकार की कोई मजदूरी नहीं दी जाती. पहले ठेकेदार द्वारा फड़ मुंशी को 13500 रु भुगतान किया जाता था लेकिन अब इसे घटाकर वर्तमान में फड़ मुंशी को सिर्फ 6000 रु भुगतान करने का प्रावधान रखा गया है इसके अलावा ठेकेदार द्वारा पहले 620 रु प्रति गड्डी के मानक से तेंदुपत्ता श्रमिकों को भुगतान किया जाता था लेकिन अब बढ़ती महंगाई के बावजूद भी इसे कम करते हुए 550 रु प्रति गड्डी की दर से भुगतान किए जाने का प्रावधान रखा गया है यहां इस बात का उल्लेख करना भी लाजमी होगा कि इन सभी प्रक्रियाओं में वन समिति के अध्यक्षों के अधिकारों को समाप्त किया गया है जो न्याय संगत नहीं है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि वन अधिकारियो का तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य मे अरुचि होने के कारण अब हमारे प्रदेश का तेंदूपत्ता बिना रोक-टोक के खुले आम पड़ोसी राज्य तेलंगाना एवं महाराष्ट्र की ओर जा रहा है जिसमें वन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है ताटी ने यह भी कहा कि वन अधिकारियों के मिली भगत और साथ गांठ के बिना यह कार्य संभव नहीं है ताटी ने बीजापुर जिला में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओ को अपर्याप्त बताते हुए तेंदूपत्ता श्रमिकों का भुगतान नगद दिए जाने की मांग भी की है।

शिविर में समस्याओं का समाधान किया गया

रायगढ़, 21 मई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिसके तहत तीसरे चरण में राज्य में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। जिसके तहत सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज जिले के घरघोड़ा के अम्बेडकर चौक सामुदायिक भवन, धरमजयगढ़ के मंगल भवन नीचेपारा, किरोड़ीमल नगर के प्राथमिक शाला स्कूल रेलवे लाईन पारा एवं खरसिया के नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया।घरघोड़ा के अंबेडकर चौक सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 4 से 8 के वार्ड वार्डवासी एवं पार्षद शिविर में शामिल हुए। आयोजित शिविर में जानकारी दी गई कि प्रथम चरण में प्राप्त कुल 43 आवेदनों में से 41 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही आयोजित शिविर में मांग, शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,21 मई। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट में आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय नेताम के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कुल्हाड़ी घाट पहुंचकर स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजीव गांधी का कुल्हाड़ीघाट से विशेष नाता–वर्ष 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कुल्हाड़ी घाट का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कमर जनजाति के लोगों से मुलाकात की और उनके रहन-सहन, जीवन स्तर व समस्याओं को करीब से समझा। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए उन्होंने इस गांव को गोद लिया था, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिली। इस दौरे में उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और वर्तमान कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी भी मौजूद थीं।

श्रद्धांजलि सभा में माल्यार्पण और पूजा-पाठ–पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुल्हाड़ी घाट में स्थापित स्वर्गीय राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पूजा-पाठ कर उन्हें याद किया। इस दौरान ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, याद किया योगदान –जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा, ÷राजीव गांधी ने देश के विकास और जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण

योगदान दिया। कुल्हाड़ी घाट को गोद लेकर उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कदम उठाया।÷ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय नेताम ने भी राजीव गांधी के विजन और उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं को याद करते हुए उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा–कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांव वालों से उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे उठाए। कांग्रेस नेताओं ने इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति ग्रामीण जन–इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्वर्गीय राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान, विशेषकर तकनीकी और संचार क्रांति में उनकी भूमिका को याद किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, रामकृष्ण ध्रुव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर, गेंदु यादव, बनसिंह सोरी, हरिश्वर पटेल, लिकेश यादव, डोमार साहू, गुंजेश कपिलआज के कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत कुल्हाड़ी घाट के सरपंच श्री बनसिंह सोरी उपसरपंच श्री रतिराम नेताम कंवल सिंह, श्याम लाल जगत, नारायण सिंह मरकाम, रामदयाल नेताम, गंगाधर मरकाम, नील कुमार बघेल, महेश मरकाम,बरनुराम नेताम, रामलाल सोरी,धनसाय सोरी,रामधर सोरी,पभुचंद मरकाम, श्रीमती धनमोती सोरी, भानमती मरकाम,मूंगाबाई,सुनाराम सोरी, रूपलाल,गुणधर,दुलेश्वरी, नीलिमा नागेश , राधिका, मनीषा, आदि

राज्यपाल रमेन डेका जिले के एक दिवसीय प्रवास पर

बीजापुर 21 मई । राज्यपाल छत्तीसगढ़ श्री रमेन डेका बीजापुर जिले में 21 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी करेंगे।

एनएमएमएसई परीक्षा में जिले के 289 विद्यार्थियों को मिली सफलता

माध्यमिक शाला सरवानी खरसिया की दिया पाण्डेय ने राज्य में किया टॉप

रायगढ़, 21 मई। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 में रायगढ़ जिले के 289 होनहार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है, जो पूरे राज्य में दूसरा स्थान है।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यार्थियों के लिए वर्ष भर विशेष कोचिंग कक्षायें चलाई गई, जिसके परिणाम स्वरूप जिले में इस वर्ष राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए।ज्ञात हो शासकीय शालाओं में कक्षा 08 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं के लिए हर साल राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्र को कक्षा 07 वीं में 55 प्रतिशत अंको के साथ (अजा और अजजा को 05 प्रतिशत छूट) उत्तीर्ण एवं आय सीमा वार्षिक 3 लाख को पात्रता होती है। इस वर्ष इस परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिया गया है, जिसमें रायगढ़ जिले से 3172 छात्र पंजीकृत थे, परीक्षा में 2968 छात्र सम्मिलित हुए। परीक्षा उपरांत घोषित परीक्षा परिणामों में 1420 छात्र उत्तीर्ण हुए, चूंकि छात्रवृत्ति का चयन प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर होता है, जिसके कारण रायगढ़ जिले से 289 छात्र एवं छात्राओं का चयन छात्रवृत्ति के लिये हुआ है। चयनित 289 छात्रों में 285 रायगढ़ जिले से और 04 छात्र सारंगढ़ जिले से है। पूरे छत्तीसगढ़ में शामिल छात्रों में रायगढ़ जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में दो प्रश्न पत्र की परीक्षा होती है जिसमें प्रथम प्रश्न पत्र मेन्टल एबिलिटी का और दूसरा प्रश्न पत्र विज्ञान, गणित विषयों से संबंधित होता है, प्रत्येक प्रश्नपत्र 90 अंकों का होता है कुल 180 अंकों की परीक्षा होती है।

पूरे राज्य में किया टॉप

एनएमएमएस परीक्षा घोषित परिणामों के आधार पर रायगढ़ जिले के शासकीय माध्यमिक शाला सरवानी, विकासखण्ड खरसिया की छात्रा दिया पाण्डेय ने 141 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य स्तर की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

4 साल तक मिलती है छात्रवृत्ति

परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 09 वीं से 12 वीं तक प्रतिमाह 01 हजार रुपए की दर से साल में 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति की पात्रता होती है।

विषय शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.व्ही.राव के द्वारा रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखण्डों के माध्यमिक शाला में विज्ञान और गणित विषय को अध्यापन कराने वाले 545 शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला स्तर पर नटवर स्कूल रायगढ़ में किया गया, जिसमें परीक्षा के पैटर्न, हल करने के तरीके, समय प्रबंधन के बारे में दुर्ग जिले के एक्सपर्ट श्री पवन सिंह और श्री ईश्वरी प्रसाद सिन्हा द्वारा शिक्षकों को दी गई।

कराया जाता था नियमित अभ्यास-सभी माध्यमिक शालाओं को एनएमएमएसई और प्रयास विद्यालय की तैयारी के लिये दो-दो गाइड क्रय करने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही प्रतिदिन अंतिम कालखंड में बच्चों को नियमित अभ्यास कराने को भी निर्देशित किया गया था। हर शनिवार को बेगलेस डे के दिन छात्रों की परीक्षा अनिवार्य रूप से ली जाती थी।

कलेक्टर ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

रायगढ़, 21 मई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट के प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले भर के लोगों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के सामने रखी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के प्राथमिकता से त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही एवं श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित रहे।

इंदिरा नगर निवासी श्रीमती मीना यादव आज राशन कार्ड की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब हैं एवं मजदूरी कर जीवन-यापन करती हैं, उनके पास मजदूरी के अलावा आय का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कलेक्टर श्री चतुर्वेदी से बीपीएल श्रेणी का राशन कार्ड प्रदाय करने का आग्रह किया। इसी प्रकार झोपड़ी पारा, रायगढ़ निवासी वृद्ध श्रीमती दसोदा चौहान आज अंगूठा का निशान नहीं आने के कारण राशन प्रदान नहीं करने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह उनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है। वह अकेली रहती है, उनके नाम पर निराश्रित राशन कार्ड जारी किया गया है परंतु उचित मूल्य दुकान में उनका अंगूठा का निशान नहीं आने के कारण खाद्य सामग्री नहीं मिलने से उन्हें जीवन यापन में काफी समस्या आ रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने वृद्ध की समस्या को देखते हुए तत्काल खाद विभाग को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

कृष्णा नगर निवासी श्रीमती सुनीता कुर्रे एवं आदर्श नगर रायगढ़ निवासी फातिमा बेगम विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके घरेलू

उपयोग के लिए विद्युत मीटर लगाए गए है। लेकिन उनके द्वारा उपयोग से अधिक राशि की बिल आ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सीएसपीडीसीएल को उक्त आवेदनों की जांच करने एवं आवेदन की निराकरण के निर्देश दिए। दीनदयाल कॉलोनी वार्ड नंबर 6 ढ़िमरापुर निवासी बुधयारिन बाई चौहान काम करने के पश्चात मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह 2021-22 से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में झाड़ू-पोछा का कार्य कर रही थी, लेकिन उन्हें 2025 में कार्य से निकाल दिया गया। इसके साथ ही फरवरी से मार्च तक का मजदूरी राशि भी नहीं दिया गया। मजदूरी की शेष राशि की मांग करने पर टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री चतुर्वेदी से मजदूरी दिलवाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को उक्त आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।कयाघाट निवासी श्रीमती गीता चौहान प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे विगत कई वर्षों से कच्चे एवं जर्जर आवास में निवासरत हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आवास निर्माण करने में असक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने का आग्रह किया। ग्राम बुनगा निवासी श्री घुरुवा लाल साव नोनी सशक्तिकरण योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत उन्होंने आवेदन किया था लेकिन आज पर्यन्त योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने श्रम विभाग को आवेदन की जांच कर योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

ग्राम रेगड़ा के ग्रामवासी पेयजल व्यवस्था की मांग लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उनके गांव में पेयजल की समस्या हो रही है। जिसमें महावीर चौक विशेष रूप से प्रभावित है, जहां लगभग 50 मकान है लेकिन पेयजल हेतु ग्राम वासियों को काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि एकमात्र बोरिंग था जो पूरी तरह से सूख चुका है और इसके अतिरिक्त पेयजल के लिए वहां कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से महावीर चौक के निवासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ईई पीएचई को तत्काल हैंडपंप को सुधारने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या ना हो। ग्राम पंचायत नवरंगपुर के ग्रामीण आज राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत नवरंगपुर में संचालित राशन दुकान में राशन वितरण में लापरवाही बरती जा रही थी। जिसके संबंध में उन्होंने शिकायत की थी, जिसके पश्चात खाद्य निरीक्षक द्वारा जांच किया गया एवं जांच में अनियमितता पाई गई। इसके पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा आने वाले समय में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने एवं माह के 15 तारीख से पहले चावल वितरण करने का पंचनामा तैयार किया गया था परंतु सभी आश्वासन को नजरअंदाज करते हुए पुनः राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने लापरवाही पर उचित कार्यवाही की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने एसडीएम को प्राथमिकता के जांच के निर्देश दिए।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर की जा रही सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 21 मई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 मई को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 24 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 7200 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 11, 500 समन शुल्क वसूल किया गया है। नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 17 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 5100 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 19.05.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 87 कार्रवाई कर 28, 700 समन शुल्क वसूल किया गया है जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों से वसूला गया 1.35 लाख रुपये अर्थदंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 21 मई। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, कसडोल एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 13 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 13 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 19 मई को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10, 000-10, 000 तथा 01 प्रकरण मे वाहन चालक को 15, 000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 13 वाहन चालकों को कुल 1, 35, 000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

समाचार संक्षेप

पूर्वी ब्लाक गोटाटोला को निःशुल्क कोचिंग के लिए टीवी प्रदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गोटाटोला, 21 मई। छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा के डॉ देवेन्द्र माहला के मार्ग दर्शन में कक्षा 5वी के छात्र/छात्राओ को प्रयास नवोदय जैसे अन्य संस्थाओं में प्रवेश तैयारी के मार्ग दर्शन दिया जा रहा है। जिसे छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ शाखा पूर्वी ब्लाक गोटाटोला को निःशुल्क कोचिंग हेतु स्मार्ट टी वी प्रदान किया गया है जिसे और पढ़ाई और प्रतियोगिता की तैयारी बेहतर तरीके से किया जाए और संस्था से चयनित बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए महासभा के समस्त पदाधिकारियों व हमारे सामाजिक ब्लाक पूर्वी ब्लाक गोटाटोला के समस्त पदाधिकारियों को कर्मचारी प्रकोष्ठ पूर्वी ब्लाक गोटाटोला को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रदर्शन किया गया और अन्य सभी ब्लॉकों को भी कोचिंग केरियर मार्ग दर्शन की तैयारी करने सलाह दिया गया है।

एक नजर

बिजली बिल ऑनलाइन व ऑफलाइन में अलग-अलग, उपभोक्ता परेशान

सिमगा, 21 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिमगा नगर में विगत दो माह से विधुत उपभोगताओं को जो बिजली बिल देयक दिया जा रहा हैं उसमे उदाहरण रकम 500 रुपये दर्शाया गया हैं और वही पर उपभोगता यदि आनलाइन जमा करने हेतु प्रयास किया जाता है तो उसमें माइंस कुछ रकम या जो बिल दिया गया हैं। उसमे भी ज्यादा बता रहा हैं मजबूर विद्युत विभाग के कार्यालय में इस भीषण गर्मी में जाकर चर्चा करने पर सॉफ्टवेयर में कमजोरी बता कर जो बिल दिया गया है उसे जमा कर रहे हैं उपभोक्ता ऑनलाइन का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं।

आबकारी विभाग ने जब्त की 19 लीटर से अधिक अवैध शराब

बलौदाबाजार, 21 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 19 बल्क लीटर से अधिक अवैध मदिरा शराब जब्त किया गया। थाना पलारी अंतर्गत रोहांसी नर्सरी बांस झाड़ के पास आबकारी विभाग की टीम द्वारा अज्ञात आरोपी के कब्जे से 12.8 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मंदिरा मसाला का बाजार मूल्य 7, 000/- रूपये है।इसी तरह रोहांसी नर्सरी पलास पेड़ के पास आबकारी दल वृत्त पलारी द्वारा आरोपी के कब्जे से 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी गदिश मसाला का बाजार मूल्य 4, 000/-रूपये होना पाया। उक्त कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस दौरान आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव एवं आबकारी मुख्य आरक्षक मदन लाल ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से रतन लाल को मिला संबल

बलौदाबाजार, 21 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के ग्राम पंचायत अर्जुनी

निवासी किसान रतन लाल वर्मा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत उन्हें प्रतिवर्ष 6000 रुपए की आर्थिक सहायता तीन किश्तों में मिलती है। इस योजना से इन्हे आर्थिक सम्बल मिला है। श्री वर्मा ने बताया कि यह सहायता राशि उनके लिए खेती-किसानी के कार्यों में काफी उपयोगी साबित हो रही है। वे इस धनराशि का उपयोग खाद-बीज की खरीद और कृषि से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में करते हैं, जिससे उनकी उपज में भी सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना छोटे किसानों के लिए बहुत सहायक है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। हाल ही में 19वीं किश्त के तहत जिले के 1, 34, 269 किसानों को 31.38 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है।

जिले में 15 जून से शुरू होगा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचाई जाएंगी सभी सरकारी योजनाएं : कलेक्टर

■ जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 गांव प्रारंभिक रूप से चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 21 मई। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत धरती आबा जनजागरूकता और संतृप्तिकरण अभियान 15 से 30 जून 2025 तक चलाए जाएंगे। अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाए जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी ने बताया कि अभियान के क्रियान्वयन हेतु आदिवासी विकास विभाग नोडल विभाग होगा एवं सभी विभाग अपने योजनाओं से चयनित गांव के जनजातीय हितग्राहियों को शतप्रतिशत लाभान्वित करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले 46 गांव का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है। इसमें विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 गांव शामिल हैं।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखो को निर्देशित किया कि चयनित गांव का भ्रमण कर योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों का गेप आइडेंटिफिकेशन 14 जून तक पूरा कर लें। 15 जून से 30 जून तक अभियान में हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम उज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कलयाण, टीकाकरण, आंगनबाड़ी आदि सेवाएं उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने समय- सीमा के आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सड़क, नाली की सफाई, पानी टंकी की सफाई बारिश से पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। इसीतरह ग्रामीण क्षेत्रों के हैंडपंप, नलकूपों की वाटर टेस्टिंग, पानी टंकियों की सफाई एवं टंकी में सफाई का दिनांक लिखवाने के निर्देश पीएचई के अधिकारियों को दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं रख - रखाव को गंभीरता से लेते हुए अधूरे शौचालयों का निर्माण शीघ्र कराने व निर्मित शौचालयों को सक्रिय करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक के माध्यम से साइबर सुरक्षा, महिला अपराध की जानकारी देगी

Dr. Rakshit Tandon

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 21 मई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुलिस की क्लास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत देश के प्रसिद्ध एवं प्रबुद्ध नागरिकों को पुलिस प्लेटफॉर्म के माध्यम से जोड़ा जाएगा तथा लाइव रहकर उनके द्वारा विभिन्न विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, बाल अपराध, महिला अपराध आदि विभिन्न अधिनियमों के संबंध में जानकारी दिया जाएगा। इसी कड़ी में प्रथम एपिसोड के तहत 24 मई से बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर साइबर एक्सपर्ट रक्षित टंडन द्वारा साइबर डाइट एवं साइबर हाइजीन के संबंध में व्याख्यान दिया जाएगा। आप सभी Balodabazar police Facebook पेज को फॉलो एवं लाइक कर साइबर जागरूकता संबंधी लाइव पुलिस क्लास कार्यक्रम के सहभागी बने। विषय- साइबर एक्सपर्ट द्वारा विशेष रूप से स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय किस प्रकार की सावधानी बरती जानी चाहिए, उक्त के संबंध में विशेष रूप से जानकारी देते हुए साइबर हाइजीन एवं साइबर डाइट विषयों पर आप सभी से लाइव रहकर रूबरू होंगे।

समाज कल्याण विभाग की उपकरण प्रदाय योजना

दिव्यांगों को मिले ट्राईसिकल व वाकिंग स्टिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 21 मई। सुशासन तिहार अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ ही हितग्राहियो को उपकरण प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 मई को दिव्यांगजनों को ट्राई सिकल व वाकिंग स्टिक प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला कार्यालय में ग्राम चारौदा के राजकुमार पटेल, औरही के टोपराम साहू, शत्रुहन यादव, ग्राम टोनाटार के नारायण प्रसाद यादव को ट्राई सिकल वितरण किया गया। इसीतरह ग्राम सुनसुनिया के संजय साहू, देवगांव के दुकलहा पाटले को हस्त चलित ट्राईसिकल एवं ग्राम रवान के महेन्द्र शर्मा को वाकिंग स्टिक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन

मैं विजय साहू पिता प्यारेलाल साहू ग्राम पलान्दुर थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं।

मेरे राजस्व रिकार्ड में मेरे पिता का नाम रामखिलावन अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड, वाहन अनुज्ञप्ति एवं अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम प्यारेलाल अंकित हैं जिसे मैं अपना नाम विजय साहू पिता प्यारेलाल परिवर्तन किये जाने से एवं नया नाम से जाना व पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(विजय साहू)

नाम परिवर्तन

मैं कीर्तन राम यादव पिता हीरा राम यादव ग्राम मड़ियान थाना चौकी चिचोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KIRTHAN RAM YADAV अंकित हैं एवं मेरे शाला अभिलेख एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम KIRTAN RAM YADAV अंकित हैं जिसे मैं अपना नाम कीर्तन राम यादव KIRTAN RAM YADAV पिता हीरा राम यादव परिवर्तन किये जाने से एवं नया नाम से जाना व पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(कीर्तन राम यादव)

नाम परिवर्तन

मैं लगन बाई उईके पति महेश कुमार उईके ग्राम छिन्दीजोब पोस्ट-थाना बोरतलाव तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग की निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी बाई उइके LAKSHMI BAI UIKEY अंकित हैं एवं मेरे बचत खाता पास बुक, मतदान परिचय पत्र, पारिवारिक राशन कार्ड एव अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम LAGAN BAI UIKEY अंकित हैं जिसे मैं अपना नाम लगन बाई उईके LAGAN BAI UIKEY पति महेश कुमार उईके परिवर्तन किये जाने से एवं नया नाम से जाना व पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(लगन बाई उईके)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं मैं दुलेश्वर कुमार साहू पिता कुंवर सिंह साहू ग्राम सिक्नीकला पोस्ट-थाना चौकी मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं।

मेरे पुत्री कुंजन साहू के आधार कार्ड, शाला अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम दिलेश साहू DILESH SAHU अंकित हैं जबकि मेरा वास्तविक व पूरा सही नाम आधार कार्ड, शाला अभिलेख, पारिवारिक राशन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम DULESHWAR KUMAR SAHU अंकित हैं जिसे मैं अपने पुत्री के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम दुलेश्वर कुमार साहू DULESHWAR KUMAR SAHU परिवर्तन किये जाने से एवं नया नाम से जाना व पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(दुलेश्वर कुमार साहू)

न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202505201500017 /अ-6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम पिता स्व. बोटीराम जाति मुरिया निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी कोण्डागांव तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-नहरपारा कोण्डागांव में स्थित भूखण्ड क्रमांक 540/1 में से क्षेत्रफल 532 वर्गफीट भूमि वर्ष 1998 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् 30 वर्षीय पट्टा श्यामबती पति बोटीराम के नाम पर दर्ज होना उल्लेख करते हुए आवेदक द्वारा अपनी माता श्यामबती पति बोटीराम की दिनांक 30.07.2010 को मृत्यु होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आबंदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर उनके वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् प्राप्त 30 वर्षीय पट्टा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 02.06.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क्र. ....
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम- राजपुर

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कौशिल्या बाई गर्ग पति कमला प्रसाद गर्ग जाति सतनामी निवासी ग्राम राजपुर प.ह.नं. 47 रा.नि.म. करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने अपने पति कमला प्रसाद गर्ग पिता श्री विश्राम गर्ग माता श्रीमती भागबाई गर्ग की मृत्यु दिनांक 05.11.1990 (स्थान) ग्राम राजपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत राजपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 28/05/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 28/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, निपनिया (छत्तीसगढ़)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202504142400010 /अ-2/2024-25
साकिनः-तांसी, प.ह.नं.-03

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक संतानु पिता सुकलाल, जाति कलार, निवासी ग्राम तांसी, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम तांसी, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 31/2, 33 कुल रकबा 0.11 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 23.05.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 2756/NIT-4/2025-2026/व.ले.लि. दिनांक 05/05/2025

//निविदा आमंत्रण सूचना//
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 04/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में)
4 T0010	धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 300000.00
4 T0011	कुरूद अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 300000.00
4 T0012	नगरी अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 25000.00

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र. T0010, T0011, T0012 समयावधि दिनांक 31/12/2025 तक।
4. टीप EMD के साथ क्लास C D हेतु अनेक्जर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

जी252600980/4

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

एन.आई.टी. क्र. /सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
107/168737	PROVIDING AND FIXING TEAK WOOD MLA TABLE AND SUPPLY OF DOUBLE SEATER SOFA CUM CHAIR FURNITURE WORK FOR VIDHANSABHA BHAWAN AT NAWA RAIPUR C.G.	रू.197.59 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी-252600997/9

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

(जल जीवन मिशन)

'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना' (निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के **यू.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 पर आमंत्रित की जा रही है। निविदाएं पूर्व में कार्यादेशित ठेकेदार के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों पर आधारित है।** ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है- **(Rksk & Cost)**

क्र.	निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम	कार्य की लागत (रू.लाख में)	निविदा कॉल	अमानत राशि (रू. में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	15/15.05.2025	168610	BHOPAL PATNAM	TARLAGUDA	27.63	1st call	20723/-
2	16/15.05.2025	168611	BHOPAL PATNAM	BHADRAKALI	23.32	1st call	17490/-
3	17/15.05.2025	168612	BHOPAL PATNAM	KOTUR	28.64	1st call	21480/-
4	18/15.05.2025	168613	USOOR	PENKARAM	20.31	1st call	15233/-
5	19/15.05.2025	168614	USOOR	FUTKEL	10.48	1st call	7860/-
6	20/15.05.2025	168615	USOOR	MURKINAR-02	15.08	1st call	11310/-
7	21/15.05.2025	168616	USOOR	KOTTAGUDA (G.P.Chipurbhatti)	06.90	1st call	5175/-
8	22/15.05.2025	168617	USOOR	SARKEGUDA	01.29	1st call	968/-
9	23/15.05.2025	168618	USOOR	RAJPETA	01.68	1st call	1260/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **31.05.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **17.05.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

जी-252601019/4

एक नजर

डीआईजी की कार ने मारूति को मारी टक्कर, चार घायल

रायपुर, 21 मई। नया रायपुर के सेक्टर 17 कायाबांधा इलाके में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. डीआईजी सीआरपीएफ की इनोवा कार ने मारुति सेलेरियो को टक्कर मार दी. इस हादसे में कार सवार एक महिला, एक पुरुष और 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल बाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. फिलहाल घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, यह पूरी घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है. बताया जा रहा है कि घटना के समय डीआईजी सीआरपीएफ की इनोवा कार में अधिकारी मौजूद नहीं थे. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. माना सीएसपी लंबोधर पटेल ने बताया सेक्टर-16 चौराहे पर दो वाहनों में टक्कर हुई है. सीआरपीएफ डीआईजी की इनोवा क्रिस्टा वहां थी और दूसरी मारुति सिलेरियो वहां सेक्टर-17 से ओर से आ रही थी. इसी दौरान दोनों कार की आपस में भिड़ंत हो गई. इनोवा वाहन क्रिस्टा वाहन में डीआईजी साहब के स्टाफ थे. सेलेरियो कार सवार 4 लोग घायल हुए है. जिन्हें बालको में भर्ती कर उपचार कराया जा रहा है.

22 को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष छाबड़ा पदभार ग्रहण करेंगे

रायपुर, 21 मई। प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का पहभार ग्रहण समारोह आगामी 22 मई को अटलबिहारी वाजपेयी सभागार (मेडिकल कॉलेज परिसर) में होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, सांसद द्वय बृजमोहन अग्रवाल व रूपकुमारी चौधरी, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, सम्पत अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, महापौर द्वय मीनल चौबे सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

आइसक्रीम फैक्ट्री पर 3000 रुपये का जुर्माना

रायपुर, 21 मई। आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 को प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक द्वारा दिए गए। निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री सन्दीप वर्मा के नेतृत्व और स्वच्छता निरीक्षक सर्वश्री दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी, गिरिजाशंकर की उपस्थिति में जोन 5 क्षेत्र के अंतर्गत चंगोराभाठा आइसक्रीम फैक्ट्री में गन्दगी सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया. स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिली और प्राप्त जनशिकायत स्थल निरीक्षण में सही मिली इसे गंभीरता से लेते हुए जोन 5 जोन कमिश्नर द्वारा दिए गए निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित चंगोराभाठा आइसक्रीम फैक्ट्री के संचालक पर तत्काल 3000 रूपये का जुर्माना भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए किया.

डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, 21 मई। अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट डीलरशीप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयप्रकाश पटेल 48 वर्ष महादेव घाट रोड रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 98964-29387 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट का डिलरशीप दिलाने एवं सीमेंट भेजने का झांसा देकर 2 लाख 94 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया और सीमेंट भी नहीं भेजा। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डॉ. जयंत नार्लीकर को श्रद्धांजलि

रायपुर, 21 मई। देश के जाने माने विज्ञानविद, खगोल वैज्ञानिक, एवं विज्ञान लेखक



पद्म विभूषण डॉ जयंत विष्णु नार्लीकर का पुणे में निधन हो गया है. अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा डॉ नार्लीकर ने खगोल भौतिकी, और ब्रह्मांड विज्ञान में उल्लेखनीय योगदान दिया है उनके द्वारा फेड हायल के साथ विकसित किया सिद्धांत हायल के नाम से दुनिया में प्रसिद्ध है. डॉ जयंत नार्लीकर ने देश में वैज्ञानिक चेतना बढ़ाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया.

भाजपा के मंत्री आउट ऑफ कंट्रोल : भूपेश

राहुल गांधी के बुलावे पर दिल्ली रवाना

रायपुर, 21 मई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दिल्ली दौरे पर हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुलावे पर वे दिल्ली के लिए आज सुबह रवाना हुए. दिल्ली में राहुल गांधी के साथ भूपेश बघेल बैठक करेंगे. साथ ही बघेल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे. दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा की, इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है, जिसमें मुख्य तौर पर सीजफायर और झीरम का मुद्दा शामिल है. उन्होंने भाजपा के मंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे आउट ऑफ कंट्रोल हो चुके हैं.

भूपेश बघेल ने अपने दौरे को लेकर बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का आज शहादत दिवस है, भारत के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, हम सब नमन करते हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ आज बैठक है, इसी सिलसिले में दिल्ली जाना हो रहा है.

भारत और पकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने फिर से सरकार पर निशान साधा है. उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी घटना घटी, जिसमें 26 लोगों की जान गई. लेकिन बड़ा सवाल है कि आखिर हमले शामिल वह पांच आतंकी कहां है? बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनको पकड़ने के लिए सेना को क्यों नहीं भेजा और जब हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन चलाकर बढ़त बना ली थी, तब सीजफायर कर दिया गया. ऐसे में सवाल तो पूछे जाएंगे. ऑपरेशन सिन्दूर और भारतीय सेना पर मंत्रियों के बयानबाजी से मची खलबली के बीच पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि भाजपा के मंत्रियों के मुंह पर कोई कंट्रोल नहीं है. कोई कुछ भी हमारी भारतीय सेना को लेकर बयान दे रहा है. झीरम हत्याकांड पर पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल ने सवाल किए हैं. पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल ने कहा कि इस गंभीर मामले में हमने स्ढ्ढञ्ज का गठन किया, केस ह्वढ्ढ कोर्ट पहुंचा. हाईकोर्ट ने रोक लगा दी, फिर सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी. शीर्ष न्यायलय की अनुमति के बाद अब राज्य सरकार झीरम हत्याकांड में जांच क्यों नहीं कर रही है? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि सरकार स्ढ्ढञ्ज गठन करके जांच क्यों नहीं कर रही है? ह्वढ्ढ की कोर्ट ने गणपति और जिन दूसरे नेताओं से बयान लेने कहा था, अबतक उनसे बयान क्यों नहीं लिया गया?

विश्व मधुमक्खी दिवस पर बताया गया शहद का महत्व

रायपुर, 21 मई। कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में आज विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन खादी और ग्रामोद्योग आयोग राज्य कार्यालय रायपुर की ओर से आयोजित किया गया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डॉ कुलदीप वर्मा, छत्तीसगढ खादी ग्रामोद्योग सस्था संघ रायपुर के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी, श्री हरिवल्लभ अग्रवाल, श्री अब्दुल अबिद एजाज, (विशेषज्ञ राजनांदगांव), खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारी श्री लक्ष्मण राउत, श्री अनुप श्रीवास्तव, श्री अरूण मालखेडे तथ कर्मचारी श्री जी पेदु नायक श्री अभिनव झाडे, श्री राजकुमार राही आदि उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान संस्था में निवासरत बालकों को शहद के उत्पादन तथा मधुमक्खी के पालन को लेकर एक डाक्यूमेंटी दिखाई गई साथ ही आज विश्व मधुमक्खी दिवस होने के कारण मुबई में आयोजित हो रहे कार्यकम को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिखाया गया इसके साथ ही बच्चों को शहद गुणकारी होने तथा इसके फायदे के बारे में ढेर सारी जानकारी बच्चों को दी गई इसके अलावा बच्चों को यह भी बताया गया कि आज के दिन का क्या महत्व है इसकी शुरूआत कैसे हुई और शहद खाने से क्या क्या लाभ होता है इसके बारे में बच्चों को बताया गया।

कार्यशाला में महिलाओं को सुरक्षा की जानकारी दी गई

रायपुर, 21 मई। नवागढ़ के शासकीय के.आर.डी. महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग, क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में माई सेफ इंडिया के अंतर्गत महिला आत्मरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला कि अध्यक्षता श्री जाहिद बेग, महाविद्यालयीन जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा की गई एवं आत्मरक्षा विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती हर्षा साहू, सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी सम्मिलित हुई। यह कार्यशाला सभी महिलाओं एवं छात्राओं के लिए आयोजित था। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हर्षा साहू द्वारा एक महिला को विपरित परिस्थितियों में, कैसे अपनी रक्षा करें के अंतर्गत कोहनी, पंच, घुटना आदि से आत्मरक्षा के कौशल सिखाये गये साथ ही दुपट्टा, हेयर क्लिप, पेन एवं मोबाईल आदि को ही कैसे अपना हथियार बनाकर आत्मरक्षा की जाये, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा अभ्यास कराया गया।

ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ खोला मोर्चा

रायपुर, 21 मई। लगभग 30 वर्षों पूर्व हुये भानसोज के ख्यातिनाम सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों के ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों से त्रस्त हो बीते 19 मई को ग्राम टेकारी (कुंडा) में आयोजित समाधान शिविर में ज्ञापन सौंप असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । गांव - गांव में बिक रहे अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों सहित हो रहे जुआ पर स्थायी रोक व लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये भट्ठी पहुंचने वाले हर व्यक्ति को 24 पौव्वा शराब लेने की शासकीय छूट से गांव - गांव में अघोषित भट्ठी चलने व लिप्त तत्वों की जानकारी मैदानी आबकारी व पुलिस अमला को होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति किये जाने का आरोप लगाया है । ज्ञातव्य हो कि आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में खोले गये शासकीय ठेका प्राप्त भट्ठी के दुष्परिणामों को प्रत्यक्ष देख व भोग सन् 93 - 94 के आबकारी सत्र में पूरे साल भर तक किसान संघर्ष समिति के अगुवाई में गांधीवादी तरीके से आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से आंदोलन कर भानसोज वासियों ने शराबभट्ठी बंद कराने में सफलता हासिल की थी । इस आंदोलन में मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम नारा , डिघारी , खम्हरिया , टेकारी , कुंडा , कठिया , अमेरी , संकरी , जावा , नगपुरा , बड़गांव , तोड़गांव , कुटेसर , गोढ़ी , सिवनी , पिपरहट्ठा , संडी , कुकरा , गठित नगर पंचायत चंदखुरी में शामिल ग्राम (चंदखुरी , मुनगेसर , मुनगी) , जुगेसर , बकतरा , करही , सोनपैरी, जरौद , उमरिया सहित आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम मालीडीह , बरछा , छतापार फरफौद , जरौद , कलई व खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली , बुड़ेनी आदि शामिल थे । जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक के नाम आयोजित इस शिविर में सौंपे गये ज्ञापन में इन असामाजिक गतिविधियों के कमोबेश हर गांव में संचालित होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि शासन द्वारा प्रत्येक को 24 पौव्वा शराब लेने की छूट के चलते मोटरसाइकिल में दो - तीन सवार हो हर कोई 24 पौव्वा शराब ला गांवों में बेच रहे हैं और स्टाक खत्म होने पर फिर जा ला रहे हैं जिसके चलते ग्रामों में अघोषित भट्ठी का माहौल है व ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों पर जाम छलकाते पियक्कड़ आसानी से नजर आते हैं । लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही न होने से लिप्त तत्वों के हौसले बुलंद होने व ग्रामीण व्यवस्था को भी चुनौती देने की जानकारी देते हुये इन असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने ठोस कार्यवाही का आग्रह किया गया है । ज्ञापन की प्रति भानसोज आंदोलन की अगुवाई करने वाले किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा को भी दे एक बार फिर आंदोलन की आवश्यकता की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

50 लाख की ठगी

रायपुर। धोखाधड़ी के दो अलग अलग मामलों में ठगों ने 50 लाख रूपए वसूल लिए। एक में दोगुना मुनाफा कमाने और दूसरे में डीलरशिप देने का झांसा दिया गया। आमानाका पुलिस के मुताबिक जैनम प्लेनेट सोसायटी निवासी राहुल कुमार रोहित (31) को 3अप्रैल की आधी रात एक कॉल आया। 7357468406 के कॉलर ने राहुल से प्लस 500 ग्लोबल पीएस ट्रेडिंग में निवेश करने पर अधिक मुनाफे का झांसा दिया । 14 मई कर राहुल ने उसके बताए अनुसार आनलाइन प्रक्रिया करने के साथ उसके खाते में कुल 48 लाख रूपए जमा कर दिया। जब 15 दिनों मुनाफा न आया तो ठगे जाने के अहसास होने पर कल रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक महादेव घाट रोड रायपुरा निवासी जय प्रकाश पटेल (48) को तीन माह पहले 18 फरवरी को 9896429387 के कॉलर ने कॉल कर अल्ट्राटेक सीमेंट की डीलरशिप दिलवाने का आफर दिया। इसके लिए सिक्युरिटी मनी जमा करने के नाम पर अपने बताए एकाउंट में 2.94 लाख रूपए जमा करा लिए।

पुण्यतिथि...

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि आज राजीव गांधी चौक पर मनाई गई।

भगवान परशुराम की 1100 दीपों से महाआरती

रायपुर, 21 मई। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भगवान परशुराम की महाआरती 11सौ दीपों से महाआरती आचार्य इन्दूभवानन्द की अगुवाई में श्री दूधाधारी सत्संग भवन में सम्पन्न हुई. सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री इन्दूभवानन्द जी महाराज ने भगवान श्री परशुराम जी के बारे में बताया कि वे शास्त्र एवं शस्त्र दोनों ही विधा में पारंगत थे. अधर्मियों, राक्षसों के नाश में वे कोई संकोच नहीं करते थे. वे सच्चे धर्म रक्षक थे. गंगा पुत्र भीम, द्रोणाचार्य, अंगराज कर्ण जैसे महान योद्धाओं के वे गुरु थे. अपने माता-पिता के वे आज्ञाकारी थे एवं दोनों के सम्मान रखते थे. प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने संगठन के वार्षिक आयोजनों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित पधारे समाज प्रमुखों का स्वागत सत्कार करवाया. कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने भगवान श्री परशुराम जी को विप्रों के आराध्य देव से सम्बोधित करते हुए कहा कि वे आज भी विप्र एकता के प्रतीक हैं. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने महिलाओं द्वारा पूजन तैयारियों के विषय में जानकारी साझा कीं.

सभा को राष्ट्रीय महासचिव एवं कान्य कुब्ज ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव डॉ सुनील कुमार ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, युवा अध्यक्ष अविनय दूबे, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, सरयूपारी ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष दशरथ प्रसाद शुक्ला, सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्रमुख अमृतलाल बिलथरे, अखण्ड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष योगेश शर्मा, बिलासपुर के अध्यक्ष रेखेन्द्र तिवारी एवं सच्चिदानंद तिवारी, विप्र वाहिनी के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, गौड़ ब्राह्मण अध्यक्ष किशन बाजारी, मिथिलायतन से खरानंद मिश्रा आदि ने भी सम्बोधित किया.

कार्यक्रम स्थल में एसके केयर हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने फ्री कंसल्टेंसी, टेस्ट एवं मेडीसन प्राप्त किया. इस में सीईओ डॉ सुनील ओझा, डॉ जया बाजपेई एवं चेयरपर्सन सीमा ओझा के साथ स्टाफ ने सहयोग किया. कार्यक्रम का आरंभ भजन मंडलियों ने हुआ, जिसमें मंडलियों से जुड़ी महिलायें संगीतमयी भजनों से समां बांधे रखीं. अंत में आचार्य श्री इन्दूभवानन्द जी महाराजश्री, संगठन के पदाधिकारी, विप्र समाज प्रमुखजन, विप्रजनों ने शंख, घंटा, ढ़ोल-धुमाल के साथ भगवान श्री परशुराम जी की 11सौ दीपों से महाआरती की गई.

समाचार संक्षेप

पटरी से उतरी मालगाड़ी, ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित

रायपुर, 21 मई। रायपुर रेलवे स्टेशन के ठीक पहले मालगाड़ी के दो रैक पटरी से उतर गए. सुबह करीब सात बजे घटित घटना से दो ट्रेक पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है. स्थिति को देखते हुए ट्रेनों को प्लेटफार्म पांच और छह से डायवर्ट कर चलाया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, बिलासपुर से दुर्ग की ओर जा रही मालगाड़ी के दो रैल रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से ठीक पहले पटरी से उतर गए. घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आया और रैक को पटरी पर लाने का काम आनन-फानन में चालू किया गया. पिक अवर में हुई घटना के बाद यात्री ट्रेनों को स्टेशन के प्लेटफार्म एक, दो और तीन पर आने वाली ट्रेनों को चार, पांच और छह प्लेटफार्म से डायवर्ट कर निकाला जा रहा है.

छत्तीसगढ़ में 35,910 करोड़ की रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

रायपुर, 21 मई। भारतीय रेलवे देशभर में तेज़ी से बुनियादी ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण कर रही है। इसी क्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को एक पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में जारी रेल परियोजनाओं और आगामी उद्घाटन कार्यक्रम की जानकारी दी है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को पत्र

वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 35,916 करोड़ रुपये की लागत से रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य को रिकॉर्ड 6,925 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। साथ ही, राज्य के 32 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त ÷अमृत स्टेशन÷ के रूप में विकसित करने की योजना है। रेल मंत्री ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दृढ़ संकल्प है कि भारतीय रेलवे को विश्व की सर्वोत्तम परिवहन व्यवस्थाओं में शामिल किया जाए। इसके लिए स्टेशनों, ट्रेनों, पटरियों और सिग्नलिंग प्रणाली को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 1,000 से अधिक स्टेशनों का शिलान्यास किया गया था। इसी श्रृंखला में 22 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन/समर्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन इस ऐतिहासिक उद्घाटन कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। रेल मंत्री ने तोखन साहू से आग्रह किया है कि वे इस शुभ अवसर पर किसी भी अमृत स्टेशन पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

विप्र कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए मिलते रहना समारोह का हुआ आयोजन

रायपुर, 21 मई। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के सेकंड सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान आपका जो अनुभव रहा ,आपने जो सीखा, विद्यार्थियों को पढ़ाने में जरूर उनका उपयोग करें और एक अच्छा शिक्षक बने। यही हम सब की शुभकामनाएं हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक को हमेशा अपडेट रहना चाहिए ,इसलिए जब तक आप एक अच्छे विद्यार्थी रहेंगे तब तक एक अच्छे शिक्षक रहेंगे ।इसके बाद विद्यार्थियों ने मनोरंजन गेम, डांस, सांग के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बनाया। इस अवसर पर एकेडमिक अचीवर का पुरस्कार आकाश कुमार सलाम को दिया गया। मोस्ट हेल्पफुल पर्सनालिटी करण हिरवानी और शुभम दास को प्रदान किया गया। बेस्ट डांसर का अवार्ड आशीष सिंह तोमर को मिला। लीजेंड पर्सनालिटी शुभम वर्मा बना ।इस अवसर पर अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किया और पूर्व छात्र संगठन के माध्यम से विप्र महाविद्यालय से जुड़े रहने की बात कही ।अपने सहयोग और सुझाव के माध्यम से विप्र महाविद्यालय के विकास में हमेशा सहभागी बनने के लिए सभी विद्यार्थी ने रुचि दिखाई। विदाई समारोह में मिस्टर इवनिंग योगेश एवं मिस इवनिंग पायल को चुना गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा सहित शिक्षा विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कांग्रेस फेक न्यूज की फैक्ट्रीः रंजना साहू

रायपुर, 21 मई। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू ने जासूसी के मामले में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा की एआई तकनीक से बनी फेक फोटो, जिसमें ज्योति को भाजपा की टोपी और दुपट्टा पहने दिखाया गया है, सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला बोलकर कहा है कि कांग्रेस की बेशर्मी से भरी यह करतूत बता रही है कि अब कांग्रेस वैचारिक तौर पर कितनी खोखली हो गई है! विदित रहे, कांग्रेस के संचार विभाग के प्रदेश प्रमुख सुशीलआनंद शुक्ला ने यह चित्र पोस्ट किया था और बाद में कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने इसे रीपोस्ट किया था। श्रीमती साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अति संवेदनशील मामलों में भी झूठ बोलकर टूलकिट एजेंडा चला रहे कांग्रेस के ऐसे लोगों को चूँकि मुद्दे मिल नहीं रहे हैं, इसलिए अब उन्हें चुल्लूभर पानी की तलाश करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस की इस काली करतूत से साफ है कि मोदी-विरोध में अंधी और सत्ता-पिपासा से विचलित कांग्रेस के शब्दकोष में अब शर्म नाम का कोई शब्द ही नहीं रह गया है। जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस के नेता फेक नैरेटिव सेट करके, झूठी खबरों, फेक फोटोज और एडीटेड वीडियो पोस्ट करके देश के सामने झूठ का रायता फैला रहे हैं, वह राजनीतिक विरोध से कहीं अधिक देश विरोधी कृत्य है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26